# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025





# एक्टर-राजनेताओं का महाकुंभ

प्रयागराज महाकुंभ में गुरुवार को कई सेलेब्रिटी, वीआईपीज नजर आए। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सपरिवार संगम में डुबकी लगाई, परिवार के साथ पूजा की। उन्होंने कहा- यह हम सभी के लिए एक अलौकिक क्षण है। इस प्रयागराज से सिंधिया परिवार का एक ऐतिहासिक संबंध भी रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भी पुण्य स्नान किया। एक्टर विवेक ओबेरॉय और विक्की कौशल भी प्रयागराज पहुंचे। बोट की सवारी की, संगम में डुबकी लगाई। संगम स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में भी एक्टर विवेक गुरुवार को परिवार के साथ पहुंचे। शिविर में वेदमंत्रों, पुष्प वर्षा और शंखनाद से उनका अभिनंदन किया गया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती का पूरे ओबेराय परिवार ने आशीर्वाद लिया। अपने आध्यात्मिक अनुभवों को साझा किया।

**प्रयागराज में गुरुवार को कई बड़े चेहरे आए नजर**

**महाशिवरात्रि पर होने वाला है इस महाआयोजन का समापन**


केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया


कांग्रेस नेता सचिन पायलट


अभिनेता विवेक ओबेराय


अभिनेता विक्की कौशल

## शिंदे का सम्मान करने से एमवीए में आने लगी हैं दूरियां

# दिल्ली में राहुल व केजरीवाल से मिले ठाकरे, पवार से बनाई दूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के एक कार्यक्रम में शरद पवार ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को सम्मानित किया, जिसके बाद शिवसेना (यूबीटी) में विवाद पैदा हो गया। शिवसेना ने शरद पवार की आलोचना की और अब आदित्य ठाकरे ने दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। हालांकि, इस दौरान उन्होंने शरद पवार से मुलाकात नहीं की, जबकि वे भी दिल्ली में ही हैं। इसकी वजह से संदेह होने लगे हैं कि एमवीए में सबकुछ ठीक नहीं है। बुधवार देर शाम शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और गुरुवार दोपहर को आप प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान, ठाकरे ने पवार द्वारा शिंदे के सम्मान पर मीडियाकर्मियों से कहा, 'शिंदे ने हमारी पार्टी और चुनाव चिह्न चुरा लिया। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में उद्योगों को पड़ोसी राज्यों में भेजा। उन्हें सम्मानित क्यों किया गया?'

### इलेक्शन फेयर नहीं, हमें साथ रहना होगा

आदित्य ने दिल्ली चुनाव पर सवाल करने पर कहा, सभी विपक्षी सांसदों को सोचना चाहिए कि हमारा अगला कदम क्या होगा, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में इलेक्शन अब फेयर और निष्पक्ष नहीं रह गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल ने 10 साल में बहुत काम किए हैं, जिन्हें जनता जानती है। भाजपा को चुनाव आयोग का आशीर्वाद था, इसी वजह से दिल्ली में जीती है। उसे चुनाव आयोग का आभार करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि एमवीए ने चुनाव से पहले महाराष्ट्र में 47 लाख मतदाताओं को जोड़ने पर आपत्ति जताई है। ठाकरे ने दिल्ली में अपने सांसदों से भी मुलाकात की।

# म्यूनिख में बड़ा हमला सनकी ड्राइवर ने कार से भीड़ को कुचला

**जेलेंस्की और वेंस के आने से पहले अटैक**



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

जर्मनी के म्यूनिख में एक व्यक्ति ने अपनी कार भीड़ पर चढ़ा दी, जिससे कम से कम 28 लोग घायल हो गए। यह घटना शहर के केंद्रीय रेलवे स्टेशन के पास हुई है। घटना के बाद इलाके में हाई अलर्ट है। पुलिस और सुरक्षाबल ने ऐक्शन लेते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब आगामी शुक्रवार से म्यूनिख सुरक्षा सम्मलेन शुरू होने वाला है। इस सम्मेलन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और यूक्रेनी प्रेजिडेंट वलोडोमिर जेलेंस्की उपस्थित रहेंगे। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह घटना कैसे हुई। हालांकि, उन्होंने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के लिए जेंलेस्की और जेडी वेंस आज 13 फरवरी को म्यूनिख पहुंचने वाले हैं।

### क्रिसमस पर पिछला हमला

पिछले साल जर्मनी के मैगडेबर्ग शहर में भी इसी तरह की एक दर्दनाक घटना हुई थी, जब एक प्रवासी ने भीड़ पर कार चढ़ा दी थी। उस हमले में 6 लोगों की मौत हुई थी और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस हमले के आरोपी की पहचान एक सऊदी डॉक्टर के रूप में हुई थी। आरोपी 2006 में जर्मनी आया था और वहां लंबे समय से वहीं रह रहा था। आरोपी ने खुद को इस्लाम की कड़ी आलोचना करते हुए खुद को पूर्व मुस्लिम बताया था। सोशल मीडिया पर उसने दक्षिणपंथी गुटों को अपना समर्थन भी दिया था।

# पाक में कत्लेआम : दो हिंदू कारोबारियों की गोली मारकर हत्या



**ईरानी सीमा के पास हमला**

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान में गुरुवार को आतंकवादियों ने दो हिंदू कारोबारियों की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि यह घटना बलूचिस्तान में हुई है, जो पिछले काफी दिनों से अशांत है।

यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जबकि दो दिन पहले ही 11 फरवरी को पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के केच जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो सदस्यों सहित तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। लगातार हो रही इन घटनाओं की वजह से बलूचिस्तान इन दिनों काफी चर्चा में है। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार हथियारबंद लोगों ने ईरानी सीमा के करीब तुरबत में एक बाज़ार के पास गोलीबारी की। पुलिस ने इस घटना को टारगेट किलिंग करार दिया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। एक अधिकारी ने कहा, 'गोलीबारी में हिंदू समुदाय के दो सदस्य मारे गए।'

### अशांत है बलूचिस्तान

मृतकों की पहचान हरि लाल और मोती लाल के रूप में हुई और घायलों की पहचान शेरो मल के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक दक्षिणी सिंध प्रांत के संघार इलाके का रहने वाला था। क्षेत्रफल के हिसाब से पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत और खनिज संसाधनों से समृद्ध बलूचिस्तान में अलगाववादी समूह लंबे समय से निम्न-स्तरीय विद्रोह में सबसे आगे रहे हैं। अलगाववादियों का दावा है कि इस्लामाबाद स्थानीय आबादी की अनदेखी करते हुए प्रांत की प्राकृतिक संपदा का दुरुपयोग कर रहा है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025


- कोंटा ब्लाक के 8 और भैरमगढ़ के 12 सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए
- सरपंच कोंटा, दोरनापाल और भैरमगढ़ में रहकर देखेंगे पंचायत का काम
- पड़ोसी राज्य तेलंगाना में रहकर बस्तर के मोरपल्ली पंचायत के लिए प्रत्याशी

*नगरीय निकाय के चुनाव समाप्त हुए। अब पंचायतों के चुनावों की कवायद जारी है। पंयायतों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। वोट 17 फरवरी, 20 और 23 फरवरी को डाले जाएंगे। इस बीच बस्तर से अजब कहानी सामने आई है।*

## नक्सली खौफ : 5 साल पंचायत में झांककर नहीं देखा, फिर चुने गए निर्विरोध सरपंच, दूसरी जगह रहकर संभालेंगे जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर/कोंटा/बीजापुर

खास खबर

*हरिभूमि की पड़ताल में यह जानकारी सामने आई है कि कई सरपंच कोंटा ब्लॉक मुख्यालय और राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सुकमा जिले के नगर पंचायत दोरनापाल में रहकर ग्राम पंचायत का काम देखेंगे। इनमें से कई ऐसे हैं जो पांच साल तक सरपंच थे लेकिन नक्सलियों के खौफ की वजह से अपनी पंचायत में गए ही नहीं। अब उन्हें फिर से निर्विरोध चुन लिया गया है। अब पांच साल तक वे फिर से शहरों में रहकर पंचायत का काम देखेंगे।*

*नक्सलगढ़ का अतिसंवेदनशील ग्राम पंचायत सिलगेर* ▸▸ शेष पेज 2 पर




### पांच साल गए नहीं, फिर कर रहे दावेदारी

वहीं पूर्व में भी सरपंच रह चुकी नुप्पो जोगी मोरपल्ली पंचायत का काम इस बार भी कोंटा में रहकर कर रही है। वहीं डब्बाकोंटा के पोड़यामि सुक्का पूर्व में भी सरपंच निर्वाचित हुए थे, अब भी कोंटा में रहकर दावेदारी कर रहे हैं। गगनपल्ली पंचायत में पत्नी को सरपंच चुनाव लड़वा रहे एंका सेमला भी इस बार कोंटा मुख्यालय में रहकर पंचायत संभालने की जिम्मेदारी लेकर मैदान में है। इस प्रकार दर्जनों लोग त्रिस्तरीय पंचायत ▸▸ शेष पेज 2 पर

### *भैरमगढ़ में 12 सरपंच एवं पंच निर्विरोध निर्वाचित*

*बीजापुर जिले के जनपद पंचायत भैरमगढ़ के 12 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंचों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीआर साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत मर्रमेटा, टिण्डोडी, ईतामपार, बैल, हुर्रागुवाली, जैगूर, कोण्ड्रोजी, पोटेनार, फुल्लोड़, कोतरापाल, मदपाल एवं बेचापाल के ग्रामीणों ने बैठक कर सभी वार्डों के लिए एक-एक पंच एवं एक सरपंच का नामांकन दाखिल किया। इन ग्राम पंचायतों में इन सभी का निर्विरोध निर्वाचन हो गया।*

### *निर्विरोध चुने गए सरपंच संभालेंगे शहरों से पंचायत*

*जनपद सदस्य के 15 क्षेत्रों में 33 प्रत्याशी अपना किस्मत आजमायेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक भैरमगढ़ जनपद के जिन 12 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्विरोध चुने गए हैं, उनमें से कई लोग ब्लॉक मुख्यालय में रहकर पंचायत का संचालन करेंगे। पूर्व में जब नक्सल आतंक चरम सीमा पर था उस समय नक्सली फरमान के चलते कोई भी ग्रामीण चुनाव लड़ने का साहस नहीं दिखा पाता था। कई जगह तो नक्सली जिसका नाम तय करते थे, वहीं सरपंच चुना जाता था, लेकिन अब क्षेत्र में बड़ी संख्या में सीआरपीएफ कैम्प और पुलिस थाना खुल गए हैं। इसलिए ग्रामीणों में पंच, सरपंच बनने का साहस दिखने लगा है। वह भी आपस में एक राय होकर ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीण आपसी सहमति से फैसला लेकर निर्विरोध चुन रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### मोदी करेंगे 'एसओयूएल लीडरशिप कॉन्क्लेव' का उद्घाटन




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी को 'एसओयूएल लीडरशिप कॉन्क्लेव' के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में राजनीति, खेल, कला एवं मीडिया के बारे में अनुभवों को साझा करने के वास्ते एक मंच पर आएंगे।

### पूर्व महाधिवक्ता को नहीं मिली अग्रिम जमानत




**बिलासपुर।** नान घोटाला में नाम आने के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने पूर्व महाधिवक्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और दो महीने बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है।

### मिनी बस-ट्रेलर की भिड़ंत दो मृत, दस घायल



**जौनपुर।** जौनपुर जिले में बक्शा थाना क्षेत्र के वाराणसी सुल्तानपुर राजमार्ग पर चकमिर्जापुर गांव के पास काशी से अयोध्या जा रही मिनी बस की उसके आगे चल रहे एक ट्रेलर से भिड़ंत हो गयी जिससे चालक सहित दो यात्रियों की मौत हो गई एवं दस अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बस में सवार ये सभी श्रद्धालु फिरोजपुर पंजाब के निवासी हैं।

### धर्मगुरु दलाई लामा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** तिब्बती धर्मगुरु और 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो (89) पर खतरे की आशंका को देखते गृह मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। उनको जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो की खतरा आकलन रिपोर्ट में दलाई लामा के जीवन को खतरा बताया गया है। तिब्बती धर्म गुरु को कुल 33 सुरक्षाकर्मी दिए जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में दोषी को 10 साल की सजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2014 में नशे में धुत व्यक्ति द्वारा कार को फुटपाथ पर चढ़ा देने से हुई दो लोगों की मौत और 10 अन्य के घायल होने के मामले में 10 वर्ष के कठोर कारावास की व पीड़ितों के परिजनों को एक लाख रुपए देने की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार खरता ने आरोपी ऋषि कुमार को दोषी करार दिया।

### 2011 में वीआरएस लिया था आरोपी ने, वर्दी में डाका डालने का प्लान उसी का

# बीएसएफ का पूर्व सूबेदार निकला डकैती का मास्टरमाइंड, 10 आरोपी गिरफ्तार

*रायपुर की पॉश कालोनी अनुपम नगर में दो दिन पहले दिनदहाड़े डकैती का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। डकैती का मास्टर माइंड पीड़ितों का पड़ोसी ही निकला। आरोपी बीएसएफ का पूर्व सूबेदार था उसने 2011 में वीआरएस ले लिया था। उसे तीन करोड़ रुपए होने की भनक लग गई थी। उसने यूपी, महाराष्ट्र के बदमाशों के साथ मिलकर डकैती डाली। पुलिस ने दो ही दिन में डकैती का खुलासा कर दिया। 66 लाख रुपए की डकैती में पुलिस ने एक महिला सहित 10 को गिरफ्तार किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पुलिस ने डकैतों के कब्जे से 60 लाख रुपए कैश जब्त करने के साथ डकैती में इस्तेमाल दो कार जब्त की है। घटना में शामिल एक बदमाश पूर्व में भी अमानत में खयानत करने के मामले में नागपुर में जेल जा चुका है।

मामले का खुलासा करते हुए आईजी अमरेश मिश्रा, एएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया है कि मनोहरण वेलू के यहां 11 फरवरी को ढाई से तीन बजे के बीच डकैती की घटना घटित हुई थी। बदमाशों ने मनोहरण तथा उनकी दो बहन रजनी तथा प्रेमा को अलग-अलग कमरे में बंद कर उनके मुंह में टेप चिपकाकर तथा हाथ, पांव बांधकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अफसरों के ▸▸ शेष पेज 2 पर

**डकैती के बाद मास्टरमाइंड घूमता रहा, पुलिस के साथ बातचीत भी करता रहा**





मास्टरमाइंड सोमशेखर

### एनजीओ चलाता है आरोपी प्रापर्टी डीलिंग का काम भी

पुलिस अफसरों के अनुसार ए. सोमशेखर ने वर्ष 2011 में बीएसएफ में सूबेदार के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। सेवानिवृत्ति लेने के बाद सोमशेखर रियल हेल्प के नाम से एनजीओ संचालित करने के साथ प्रापर्टी ब्रोकर का कार्य करता है। सोमशेखर की मनोहरण के घर में आवाजाही थी। उसे मनोहरण के घर में तीन करोड़ रुपए होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने अपने साथी ▸▸ शेष पेज 2 पर

### दुर्ग के जयंती स्टेडियम में पैसों का बंटवारा

घटना के दिन 11 फरवरी को आरोपी जयंती स्टेडियम में मिले और उत्तई पाटन अमलेश्वर होकर तेलीबांधा होते हुए विधानसभा फ्लाई ओवर के रास्ते शंकर नगर आए। रास्ते में नदी के पहले झीट गांव वाले मोड पर वर्दी पहनी। सभी इतने शातिर थे कि वर्दी पहनने के बाद सभी ने अल्टो कार में अपने फोन छोड़ दिए ताकि लोकेशन न मिल पाए। वर्दी शाहिद और पिन्टू ने पहनी। ▸▸ शेष पेज 2 पर

### सोमशेखर मौके पर पहुंचकर टोह लेता रहा

डकैती का मास्टर माइंड सोमशेखर डकैती का हल्ला होने के बाद मौके पर पहुंच गया था। जब पुलिस मामले की तहकीकात कर रही थी जब वह मौके पर ही था। हरिभूमि के फोटोग्राफर ने जब घटना की तस्वीरें लीं उस वक्त भी वह वहीं मौजूद था। वह तस्वीरें हरिभूमि के पास हैं, जिनमें वह आराम से चहलकदमी करते हुए घूम रहा है।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

- अजय ठाकुर, भिलाई, दुर्ग
- राहुल त्रिपाठी, गोरखपुर, उत्तरप्रदेश
- नेहा त्रिपाठी, गोरखपुर, उत्तरप्रदेश
- देवलाल वर्मा, रायपुर, छत्तीसगढ़
- पुरुषोत्तम देवांगन, बलौदा बाजार
- ए. सोम शेखर, रायपुर
- शाहिद पठान, नागपुर, महाराष्ट्र
- पिंटू सारवान, बेमेतरा, छत्तीसगढ़
- मनुराज मौर्य, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
- कमलेश वर्मा, रायपुर, छत्तीसगढ़

**कम वोटिंग पर नया खुलासा**

## निर्वाचन आयोग ने पर्ची नहीं दी निगम से कहा, सर्वर से प्रिंट निकालो पर्ची बनाकर 10 लाख वोटरों को बांटो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगरीय निगम चुनाव में प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम रायपुर में इस बार सबसे कम 49.58 फीसदी वोट पड़ने को लेकर मचा हड़कंप थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार शहर के मतदाताओं तक वोट की सरकारी पर्ची बंटी ही नहीं। वोटिंग पर्ची में नया खुलासा हुआ है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने निगम को पर्ची नहीं दी, बल्कि मतदान से 3 दिन पहले रात 10 बजे कहा गया कि सर्वर से प्रिंट निकालो और दस जोन के 10 लाख से अधिक वोटरों को पर्ची बंटवा दो। नगर निगम के 1 जोन में औसतन 1 लाख से ज्यादा मतदाता आते हैं, ऐसे में सर्वर से प्रिंट निकालकर दस जोन के 10 लाख वोटर तक पहुंच पाना टेढ़ी खीर साबित हुआ। लाखों लोग वोट नहीं डाल पाए। रायपुर जिला अधिवक्ता ▸▸ शेष पेज 2 पर


वार्ड बदल गए, वोटर भटकते रहे, ईसी ने कहा- पर्चियां एसडीएम को दीं, एसडीएम ने कहा- निगम को भेजीं

*रायपुर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने कहा-हाईकोर्ट जाएंगे*

### हाईकोर्ट में दायर करेंगे याचिका

इंद्रावती कॉलोनी निवासी एवं रायपुर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने बताया कि, उनका परिवार पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में रहता है। वे हर बार नूतन स्कूल में वोटिंग करते हैं। लेकिन इस बार उनका नाम ही नहीं था। उन्होंने शांति नगर स्कूल, बीपी पुजारी स्कूल समेत वार्ड के अन्य सभी मतदान केंद्रों में पहुंचकर अपना नाम ढूंढा, लेकिन कहीं नहीं मिला। जिससे पूरा परिवार वोट नहीं डाल सका। कॉलोनी के रहने वाले 35 से अधिक लोगों ▸▸ शेष पेज 2 पर

## आचार संहिता में शराब का जमकर परिवहन, विभाग ने पकड़ी सवा दो करोड़ की शराब




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि खास

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेशभर में लागू आचार संहिता के दौरान भी राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में शराब का अवैध परिवहन और बिक्री का कारोबार चलता रहा है। आबकारी विभाग भी ऐसे शराब तस्करों एवं बिक्री करने वालों पर नजर रखे हुए है। शहर के भीतर और जिलों की सीमा क्षेत्रों में लगातार विभाग की टीमें दिन-रात चेकिंग व गश्त कर रही हैं। इस चेकिंग के दौरान विभाग ने एक से 12 फरवरी के दौरान 12 दिनों में लगभग सवा दो करोड़ रुपए की शराब जब्त की है। इस कार्रवाई के दौरान विभाग ने शराब से भरा कंटेनर से लेकर कई गाड़ियों को ▸▸ शेष पेज 2 पर

### जेवरा सिरसा से 361 पेटी अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र में भारी मात्रा में शराब जब्त किया गया है। मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो मौके से फरार है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम डांडेसरा में दबिश देकर महाराष्ट्र राज्य का शराब जब्त किया गया। गुरूवार की सुबह डांडेसरा गांव से 361 पेटी शराब जब्त किया है। जहां से दो आरोपी ग्राम डंडेसरा निवासी धनराज निषाद, विजय निषाद दोनों को गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य आरोपी पंकज निषाद और एक अन्य मौके से फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। दबिश देने से पहले खेत के मकान ▸▸ शेष पेज 2 पर

### इन शहरों से इतनी मात्रा में पकड़ी गई शराब

**रायपुर**

रायपुर जिले में 1 फरवरी को प्रदीप मारकंडे निवासी मुनरेठी को मंदिर हसौद के पास गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1170 लीटर शराब जब्त किया है, जिसकी कीमत 8 लाख 45 हजार रुपए है। रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर सिमगा के पास भी विभाग ने 7 फरवरी को बड़ी कार्यवाही करते ताज ढाबा के ▸▸ शेष पेज 2 पर

**कबीरधाम**

कबीरधाम जिले में 12 फरवरी को आबकारी वृत्त बोड़ला की आबकारी जांच चौकी ने चिल्फी के समीप आरोपी राजवीर सिंह निवासी शिवपुरी मध्यप्रदेश को वाहन से शराब ले जाते पकड़ा। उसके वाहन से लगभग 20 लाख रुपए की शराब जब्त की। इसमें नॉन ड्यूटी पेड 330 पेटी देशी प्लेन एवं नॉन ▸▸ शेष पेज 2 पर

**राजनांदगांव**

राजनांदगांव में 11 फरवरी को विभाग ने चिचोला अंतर्गत आठरा से भकुर्रा मार्ग पर आरोपी जितेंद्र कुमार भूआर्य 32 वर्ष निवासी देहान थाना-गेंदटोला से महाराष्ट्र राज्य निर्मित 288 देशी शराब कीमत 11520 रुपये एवं 1 दो पहिया वाहन जब्त किया। जब्त शराब की कीमत 11 लाख 55 हजार रुपए है।

**हिंसा के बीच सीएम बीरेन सिंह ने चार दिन पहले दिया था इस्तीफा**

## मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर में बीरेन सिंह के सीएम पद से इस्तीफे के बाद अब सूबे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बीते रविवार को बीरेन सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाने के लिए बीजेपी नेताओं की बैठकों का दौर शुरू हो गया था। मणिपुर प्रभारी संबित पात्रा बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। हालांकि अब सूबे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

संविधान के अनुच्छेद 174(1) के अनुसार राज्य विधानसभाओं को अपनी अंतिम बैठक के छह महीने के भीतर बुलाना अनिवार्य है। मणिपुर में पिछला विधानसभा सत्र 12 अगस्त 2024 को बुलाया गया था।

### *21 महीने से जारी हिंसा में 300 से ज्यादा मौतें*

*राज्य में 3 मई 2023 से जारी जातीय हिंसा के चलते अब तक 300 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। इसी के चलते बीरेन सिंह पर इस्तीफे का काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार एनडीए से इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं।*



### राज्यपाल और सीआरपीएफ अफसरों की बैठक

इससे पहले, मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और अर्धसैनिक बल के अधिकारियों ने राजभवन में बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें सीआरपीएफ की तैनाती और परिचालन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बयान में कहा गया कि मणिपुर और नगालैंड सेक्टर के निवर्तमान महानिरीक्षक (सीआरपीएफ) डॉ. विपुल कुमार और नवनियुक्त महानिरीक्षक राजेंद्र नारायण दाश ने राज्यपाल से मुलाकात की।

### *जवान ने दो साथियों की हत्या कर खुदकुशी की*

*मणिपुर के इम्फाल में सीआरपीएफ के एक जवान ने अपनो दो साथियों की हत्या कर खुद को भी गोली मार ली। यह सनसनीखेज घटना सीआरपीएफ के एक कैंप में गुरुवार रात हुई। आरोपी जवान संजय कुमार, 120वीं बटालियन का हवलदार था. उसने अपनी सर्विस राइफल से अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। उसने पहले एक कांस्टेबल और एक सब-इंस्पेक्टर को निशाना बनाया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने खुद को भी गोली मार ली।*

**ग्रामीणों को तेलंगाना से होते हुए जाने की जरूरत नहीं, सीधे पहुंच रहे बीजापुर से पामेड़**

## नक्सली खौफ में लोग करते रहे इंतजार, 50 साल बाद चली बस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

अलग खबर

बीजापुर जिला अब नक्सलियों के आतंक से आजाद हो रहा है। आजादी की खुली हवा का असर लोगों की जिंदगी पर भी पड़ रहा है। करीब 50 वर्ष बाद यात्री बस सेवा शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों को तेलंगाना से होते हुए गांव जाने की जरूरत नहीं होगी। अब वे बीजापुर से सीधे पामेड़ पहुंच रहे हैं। 50 साल पहले पामेड़ में सड़क थी। फिर नक्सलियों की धमक के बाद गाड़ियां चलनी बंद हो गईं। नक्सलियों ने अपनी पैठ बढ़ाई और पूरे इलाके को अपने कब्जे में ले लिया, जिसके चलते इस इलाकों को नक्सलियों की राजधानी कहा जाता था। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर बसे पामेड़ समेत 7 पंचायतों की, जहां पर पिछले चार महीनों से विकास कार्यों ने ऐसी गति पकड़ी कि अब इस स्कूल में ▸▸ शेष पेज 2 पर




### सुबह पामेड़ के लिए जा रही बस

बीजापुर से सुबह पामेड़ के लिए जाने वाली यात्री बस आवापल्ली, बासागुड़ा, तररेम, चिन्नागेल्लूर, गुंडेम, कोंडापल्ली, जीडपल्ली, करवगट्टा और धर्माराम होते हुए पामेड़ पहुंचती है। इस बस में रोजाना यात्री सफर करने लगे हैं।

### हेलीकॉप्टर से पहुंचता था सामान

बताया जा रहा है कि पामेड़ ऐसा क्षेत्र है, जहां पदस्थ जवानों के लिए राशन हेलीकॉप्टर से भेजा जाता था। अब सड़क बनने और बस सेवा के शुरू हो जाने से जवानों का यह कठिन सफर खत्म हो चुका है। जवानों और ग्रामीणों के लिए क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी का भी विस्तार हो चुका है, ताकि वह अपने परिवार वालों से बात कर सकें।

### कलेक्टर के निर्देश पर शुरू की बस

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि पामेड़ जाने के लिए बस नहीं थी। लोगों को तेलंगाना की ओर से पामेड़ जाते थे। इसके चलते बीजापुर कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग की ओर से बीजापुर से पामेड़ के लिए सीधे यात्री बस शुरू की गई है, इससे ग्रामीणों को राहत मिल रही है।

## चिंतन

# एआई का लोकतंत्रीकरण समूचे विश्व के हित में

फ्रांस में दो दिवसीय एआई सम्मेलन में भारत ने इस तकनीक के लोकतंत्रीकरण पर जोर दिया। एआई की बढ़ती स्वीकार्यता के बीच इस तकनीक को लेकर भारत की यह सोच विश्व के अधिकांश विकासशील देशों के हित में है। फ्रांस भी एआई को सार्वजनिक हित में लाभकारी बनाने के पक्ष में है। इस तकनीक पर किसी भी देश का एकाधिकार विश्व में वंचित देशों को अहित करेगा। विश्व स्तर पर ज्ञान आधारित खाई बढ़ेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बाजार को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मचे घमासान के दौर में फ्रांस की राजधानी पेरिस में एआई सम्मेलन का वैश्विक महत्व है और इसमें भारत की उपस्थिति के बहुत मायने हैं। एआई सम्मेलन से इतर भारत और फ्रांस के बीच एआई, परमाणु ऊर्जा व इनोवेशन के क्षेत्र में दीर्घावधि साझेदारी पर सहमति बनी है, जिसमें एआई अनुसंधान, नवाचार और डेटा सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों मुल्क एआई के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नीति-निर्माण में सहयोग करेंगे। फ्रांस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त रूप से 'इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026' का आधिकारिक लोगो लॉन्च किया। यह पहल दोनों देशों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। दोनों देश न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में अपने सहयोग बढ़ाएंगे। एडवांस्ड मॉड्यूलर और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर स्थापित करेंगे। यह पहल साफ और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। दोनों देश न्यूक्लियर साइंस और टेक्नोलॉजी में सहयोग करने पर भी सहमत हुए हैं। फ्रांसीसी स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में 10 भारतीय स्टार्टअप की मेजबानी के लिए समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। ये सभी सहयोग समझौते उच्च तकनीकी दक्षता हासिल करने में भारत की मदद करेंगे। पिछले 25 वर्षों में भारत व फ्रांस के बीच एक बहुआयामी संबंध विकसित हुआ है। एआई में चीन की डीपीसीक तकनीक की सनसनी ने हलचल मचा दी है। भारत दस महीने में अपना एआई मंच विकसित करेगा। अमेरिका की कोशिश इस पर बादशाहत की है, जबकि भारत व फ्रांस जैसे उदारवादी लोकतांत्रिक देश तकनीक की पहुंच सब तक सुनिश्चित करने की जमीन तैयार कर रहे हैं। एआई आज के समय में किसी भी देश की बड़ी जरूरत बन गया है। भारत में करीब 70 फीसदी कंपनियां तकनीकी जरूरतों को एआई से जोड़ रही हैं। अगले 2 साल में एआई पर 44 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस दौरान एआई, जनरेटिव एआई और एनालिटिक्स में 1.2 लाख अधिक नौकरियां पैदा होंगी। भारत ने बजट में मिशन एआई के लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। भारत 3 एआई एक्सीलेंस सेंटर बना रहा है। अमेरिका, चीन, ब्रिटेन के साथ भारत मिशन एआई का नेतृत्व कर रहा है। वैश्विक स्तर पर एआई के विकास मॉडल में सामंजस्य, एकरूपता, खतरे को न्यूनतम करने के तरीके आदि का समावेशन जरूरी है। भारत में एआई के विकास व इसके दुरुपयोग पर रोक में अहम भूमिका निभाने की क्षमता है। एआई सम्मेलन में शिरकत से भारत की टेक पावर को ग्लोबल फोरम पर उभरने का अवसर मिला है। भारत ने एआई को केवल कुछ विशेष देशों, संस्थाओं या कंपनियों के उपयोग के लिए सीमित करने के बजाय सबके लिए, विशेष रूप से विकासशील और गरीब देशों के लिए उपलब्ध कराने की वकालत की है।



विदेश यात्रा
अरविंद जयतिलक

# नए क्षितिज पर भारत-फ्रांस संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के साथ-साथ डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

दोनों देशों ने संकल्प व्यक्त किया है कि वे एक फ्रेमवर्क बनाएंगे जिससे कि ऐसा जनरेटिव एआई विकसित हो जो भेदभाव रहित समानता पर आधारित हो। दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एक-दूसरे को सहयोग का भरोसा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के शहर मासेय में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का शुभारंभ किया जिसकी एक अरसे से जरूरत महसूस की जा रही थी। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों के आर्थिक कारोबार को नई ऊंचाई मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन भारतीय सैनिकों की शहादत को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में अब दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक दूसरे का स्वर बनेंगे। गौर करें तो विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौते हुए हैं जिससे दोनों देशों के सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। अभी गत वर्ष ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी कंधा जोड़े हुए हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत के इरादे का समर्थन कर चुके हैं। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में



रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितना मधुर संबंध है, इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। तब उन्होंने कहा था कि विश्व इतिहास में एक दिग्गज, भविष्य में एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला, रणनीतिक साझेदार एक मित्र का स्वागत करने पर उन्हें गर्व है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्कों ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है। दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। फ्रांस आत्मनिर्भर भारत मुहिम का साझीदार बनने के साथ-साथ 2025 तक बीस हजार भारतीय छात्रों को अपने यहां पढ़ाई का सुअवसर उपलब्ध कराने का ऐलान कर चुका है। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एकदूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था।

भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका काई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोला। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक है। दरअसल दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। मसलन हिंद-चीन क्षेत्र की स्वतंत्रता मुद्दे पर जहां भारत दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र की आजादी की बात पर बल देता है, वहीं फ्रांस लगातार औपनिवेशिक स्थिति बनाए रखने का पक्षधर रहा है। दोनों देशों ने मोरक्को, तुनीसिया और अल्जीरिया की उपनिवेशिक स्थिति पर विरोधात्मक विचार प्रकट किए। 1956 में मिस्त्र द्वारा स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के मुद्दे पर भी भारत ने बहुत सशक्त रूप से फ्रांस व ब्रिटेन के संयुक्त प्रयास का विरोध किया। इस संयुक्त हस्तक्षेप के विरोध में भारत ने मिस्त्र का साथ दिया। 1958 में डी गॉल के फ्रांस के सत्ता संभालने के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आना शुरू हो गया। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है, वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।




वैलेन्टाइन डे
श्वेता गोयल

# जब शब्द कम पड़ जाएं तब बोलते हैं गुलाब

वैलेंटाइन दिवस का अवसर हो और फूलों का जिक्र न हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है। अपने दिल की बात यदि आप जुबां से कहने की हिम्मत न जुटा पाएं तो आपका यह काम फूल बेहद आसान कर देते हैं। वैसे भी फूलों के बिना प्यार का इजहार तो अधूरा ही माना जाता है और जब बात फूलों की छिड़े तो फूलों के राजा गुलाब का तो कहना ही क्या! कवियों, शायरों से लेकर प्रेमियों तक की पसंद रहा है गुलाब। यहां तक कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू भी गुलाब के दीवाने थे, जिनकी अचकन में सदैव गुलाब का फूल लगा रहता था। मुगल बेगम नूरजहां को लाल गुलाब बेहद प्रिय था और कहा जाता है कि नूरजहां को खुश करने के लिए उनके शौहर प्रतिदिन कई टन ताजे गुलाब उनके महल भिजवाया करते थे। गुलाब के इत्र का आविष्कार नूरजहां ने ही किया था। वैलेंटाइन डे तो प्रेमियों द्वारा एक-दूसरे को उपहारों के साथ-साथ गुलाब भेंट करने का भी सबसे अच्छा मौका है। दुनियाभर में गुलाब की करीब एक हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। कहने को गुलाब भले ही कई रंगों और रूपों में देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में गुलाब के सभी रूप और रंग प्रेम के इजहार और शांति का प्रतीक हैं और गुलाब के हरेक रंग का अपना अलग ही मतलब है। गुलाब अपनी भाषा में आपकी भावनाओं को दूसरे तक पहुंचाता है। कहीं ऐसा न हो कि गुलाब के माध्यम से आप अपने प्रेमी अथवा प्रेमिका को जो संदेश देना चाहते हैं, गलत रंग के फूल के चुनाव से वह संदेश गलत अर्थ में आपके साथी तक पहुंचे, इसलिए यदि आप किसी को गुलाब दे रहे हैं तो अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले आपके लिए यह जान लेना बहुत जरूरी है कि आपकी भावनाओं के हिसाब से किस रंग के गुलाब का चयन सबसे बेहतर रहेगा। आइए जानें विभिन्न रंगों के गुलाब के फूलों की भाषा। वैलेंटाइन डे पर लाल गुलाब का चलन सर्वाधिक होता है। सुर्ख लाल गुलाब अजर-अमर प्रेम तथा पैशन का प्रतीक है और इसका उपयोग प्रेम का इजहार करने के लिए ही किया जाता है। किसी के लिए आपके दिल में कितना प्यार है, यह लाल गुलाब से बेहतर भला और कौन व्यक्त कर सकता है। यदि साथी लाल गुलाब को स्वीकार कर लेता है तो इसका अर्थ है कि उसे आपका प्रेम प्रस्ताव स्वीकार है। यदि आप किसी को बेइंतहा प्यार करते हैं और चाहते हैं कि वह आपके इस प्यार को आसानी से समझ सके तो उसे प्यार की निशानी के तौर पर लाल रंग का गुलाब भेट कर सकते हैं, जो आपके प्यार का इजहार करने में आपकी मदद करेगा। गुलाबी गुलाब सौम्यता, मित्रता और दिल की धड़कन का प्रतीक है। वैलेंटाइन डे पर गुलाबी गुलाब देने का अर्थ है कि दिल की धड़कन अब सिर्फ और सिर्फ तुम्हारे लिए ही धड़क रही है। किसी दोस्त को आप अपने साथ का अहसास कराना चाहते हैं तो हल्के गुलाबी रंग का गुलाब उस अहसास को उस तक पहुंचाने का कार्य करेगा। सफेद गुलाब गोपनीयता, मासूमियत, मौन, पवित्रता तथा सच्चे, निर्मल और आध्यात्मिक प्रेम का प्रतीक है। सफेद गुलाब सच्चे प्रेम और मस्तिष्क की शुद्धता को दर्शाता है। यह शांति और स्वच्छता का प्रतीक भी माना जाता है। यदि आप किसी से माफी मांगने के लिए उसे कुछ देना चाहते हैं तो सफेद गुलाब भेंट कर सकते हैं। पीला गुलाब सामाजिकता और मित्रता का प्रतीक है। दरअसल पीले रंग का गुलाब मित्रता की निशानी माना जाता है और कहा जाता है कि प्यार की शुरूआत हमेशा मित्रता से ही होती है। काला गुलाब बिछुड़ते दिलों के लिए है और विदाई का प्रतीक है। यदि कोई जबरदस्ती आपके पीछे पड़ा है और आप उससे प्यार नहीं करते या किसी के साथ प्रेम संबंधों को जारी रखना अब आपके लिए संभव नहीं हो पा रहा तो जुबां से कुछ कहने के बजाय प्रेमपूर्वक उसे काला गुलाब दे दें, आपका काम हो जाएगा। बैंगनी गुलाब पहली नजर के प्यार का इजहार करने के लिए परफेक्ट माना जाता है। गहरा बरगंडी गुलाब अचेत सुंदरता का प्रतीक है। नारंगी गुलाब भावनाओं, आकर्षण और अनंत प्यार का प्रतीक है। नारंगी गुलाब हमारी इच्छा को बताने का कार्य करता है। लाल-सफेद गुलाब दोनों एक साथ देना एकता का प्रतीक है जबकि लाल-पीला गुलाब खुशी की भावनाओं का इजहार करते हैं। सफेद गुलाब की बंद कली देने का अर्थ है कि अभी आप मेरे प्यार के लिए बहुत छोटे हैं जबकि गुलाब का एक फूल सीधेपन का प्रतीक है। गुलाब की कलियां संदेश देती हैं कि आप युवा और बहुत सुंदर हैं जबकि खिले गुलाब के साथ रखी दो कलियां सुरक्षा के आश्वासन की प्रतीक हैं और कांटेरहित गुलाब की डंडी पहली नजर के प्रेम की प्रतीक है।

((लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है। जब आपके पास एक बड़ा लक्ष्य होता है, जिस पर आप काम कर रहे होते हैं।

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## प्रयागराज कुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला उत्सव के दौरान संगम तट पर एक साधु के शिविर में गुरुवार को श्रद्धालु उनसे आशीर्वाद लेते हुए।



## आज की पाती

### जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है परीक्षा

हर वर्ष परीक्षा के मौसम में एक ही कहानी दोहराई जाती है। छात्रों पर असीमित दबाव, माता-पिता की बढ़ती चिंताएं, और समाज की अपेक्षाएं। लेकिन क्या हम कभी सोचते हैं कि इस दबाव का हमारी युवा पीढ़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है? क्या परीक्षा वाकई इतनी महत्वपूर्ण है कि हम अपने बच्चों का बचपन और उनकी खुशियां दांव पर लगा दें? इसी संदर्भ में परीक्षा के मौसम में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों से संवाद किया, जिसमें उन्होंने परीक्षा के दबाव से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कई छात्र अच्छे अंक प्राप्त करने के दबाव में अत्यधिक तनाव महसूस करते हैं। परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह सीखने का एक माध्यम है। यह जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है। *- अजय चौबे, भिलाई*

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



भारत कोकिला', स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल सरोजिनी नायडू जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदान हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### भाजपा की कथनी



भाजपा नेता यह क्यों भूल जाते हैं कि 1989 में जब वीपी सिंह की सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू किया तब इसके विरोध में भाजपा ने उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था तथा वीपी सिंह की सरकार को गिरा दिया था।'
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### आध्यात्मिकता का मिलन



यह आध्यात्मिकता का शांति से मिलन का एक दिव्य अनुभव था, जब मैं हरिद्वार में मां गंगा के तट पर खड़ी थी, जब मैंने उनकी पूजा की तो उनकी शांत ऊर्जा मेरे अंदर प्रवाहित हो रही थी। वह हमारे प्राचीन इतिहास का प्रमाण है। हर हर गंगे!
**-पीटी उषा, पूर्व धाविका**

### ध्यान भटकाने को नया बिल



कई लाख करोड़ के बजट के बाद भी जनता के चेहरे पर आई मायूसी से ध्यान हटाने के लिए, अब ला रहे हैं नया बिल सबका ध्यान भटकाने के लिए। बाक़ी जनता समझदार है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## करंट अफेयर

# पॉल कपूर दक्षिण एशियाई मामलों के राजनयिक बने



दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने जनवरी में पुष्टि की थी कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों का ब्यूरो अमेरिका की विदेश नीति और अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिज़स्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ अमेरिकी संबंधों से जुड़े मामलों को देखता है। भारतीय मूल के कपूर वर्तमान में 'यूनाइटेड स्टेट्स नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल' के राष्ट्रीय सुरक्षा मामला विभाग में प्रोफेसर हैं। उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के नीति नियोजन कर्मचारी के रूप में सेवाएं दी। इस विभाग में कपूर दक्षिण और मध्य एशिया, हिंद-प्रशांत रणनीति और अमेरिका-भारत संबंधों से जुड़े मामलों पर काम कर चुके हैं।

## ऑफ बीट

# भोजन आपकी आंत से कितनी तेजी से गुजरता है?



हममें से कई लोग खाये जाने वाले खाद्य पदार्थों पर ध्यान देते हैं और स्वयं से पूछते हैं कि क्या वे हमारे लिए पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक हैं। लेकिन क्या आपने कभी स्वयं से यह पूछा है कि यह भोजन आपके पेट से कितनी तेजी से गुजर रहा है? इस सवाल का जवाब वाकई बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भोजन जिस गति से आपके पाचन तंत्र से गुजरता है, उसका असर आपके स्वास्थ्य और सेहत पर कई तरह से पड़ता है। एक बार जब आप अपना भोजन चबाकर निगल लेते हैं, तो यह भोजन जठरांत्र मार्ग से होकर अपनी यात्रा शुरू करता है - एक लंबा और घुमावदार मार्ग जो मुंह से शुरू होकर गुदा पर समाप्त होता है। रास्ते में, यह विशेष अंगों तक पहुंचता है, जो उसे पचाते हैं (पेट), पोषक तत्वों को अवशोषित करते हैं (छोटी आंत) और पानी और लवणों को अवशोषित करते हैं (बड़ी आंत)। भोजन के पाचन तंत्र के माध्यम से गुजरने को आंत की गतिशीलता के रूप में जाना जाता है। यह प्रक्रिया आंशिक रूप से हमारे आंत में मौजूद खरबों बैक्टीरिया द्वारा नियंत्रित होती है। आंत माइक्रोबायोम बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये बैक्टीरिया हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को विकसित करने और भोजन विघटित करने में मदद करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया | वर्ष : 23, अंक : 209 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## विशेष विमान से गए प्रयागराज, सात कांग्रेसी विधायक, कई भाजपा नेता और अधिकारी भी गए परिवार के साथ



चलत बिमान कोलाहल होई।
जय रघुबीर कहइ सबु कोई॥
- विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री



कहि सिय लखनहि सखहि सुनाई।
श्रीमुख तीरथराज बड़ाई।।
करि प्रनामु देखत बन बागा।
कहत महातम अति अनुरागा।
- डॉ. रमन सिंह, विस अध्यक्ष

# महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में लगाई राज्यपाल, मुख्यमंत्री विस अध्यक्ष, मंत्री, सांसद और विधायकों ने डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाकुंभ में गुरुवार को प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के कई मंत्री, विधायक और सांसदों के अलावा कांग्रेस के सात विधायक, प्रदेश भाजपा के कई पदाधिकारी और राज्य सरकार के कई अधिकारी विशेष विमान से प्रयागराज पहुंचे और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। सभी के साथ उनका परिवार भी था। सुबह को रायपुर से रवाना होने के बाद सभी विशेष विमान से शाम को लौटे।

मुख्यमंत्री श्री साय प्रयागराज एयरपोर्ट से मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ▶▶|शेष पेज 2 पर









### महाकुंभ में अच्छी व्यवस्थाः साय

प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर गुरुवार शाम को रायपुर लौटने पर विमानतल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की शांति, समृद्धि, खुशहाली की कामना की है। प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था है।

### जिनकी तकदीर में नहीं वो नहीं जा रहे : डॉ. रमन

प्रयागराज रवाना होने से रायपुर विमानतल पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस के बाकी विधायकों के महाकुंभ नहीं जाने पर तंज कसते हुए कहा, जिनकी तकदीर में नहीं है वो कुंभ नहीं जा रहे हैं। तकदीर वाले ही कुंभ जा रहे हैं। उन्होंने कहा, तकदीर डॉ रमन सिंह नहीं लिख सकता, जिनकी तकदीर में नहीं है वो खारून में भी डुबकी लगा सकते हैं।

### भीड़ के वक्त वीआईपी कल्चर से बचना चाहिए : भूपेश बघेल

रायपुर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के तंज पर, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, अजय चंद्राकर, विजय शर्मा, राजेश मूणत, ओपी चौधरी और बृजमोहन अग्रवाल क्यों नहीं गए। महाकुंभ में स्नान करने जा रहे हैं, लेकिन मन का मैल अभी भी मिटा नहीं है। श्री बघेल ने कहा, भीड़ के वक्त में वीआईपी कल्चर से बचना चाहिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रिलायंस के संयंत्र में आग से एक की मौत, छह घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगड जिले में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के



संयंत्र में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गए। पातालगंगा लीनियर अल्काइल बेंजीन संयंत्र में बुधवार शाम को आग लग गई।

### सीमा पर गोलीबारी : कई पाक सैनिक हताहत, बंकर ध्वस्त

**जम्मू।** पाकिस्तान भारत से लगती नियंत्रण रेखा पर अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर उसने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की। बिना उकसावे के की गई गोलीबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसमें काफी संख्या में पाकिस्तानी सैनिक हताहत हुए।



रात 12:30 बजे रेसिप्रोकल टैरिफ पर ट्रंप ने किए हस्ताक्षर | रात 2.30 बजे पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की मुलाकात

# न कम, न ज्यादा! जो जैसा टैक्स लगाएगा, वैसा ही हम लगाएंगे

- पीएम मोदी से मुलाकात से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान
- सभी देशों के लिए पारस्परिक टैरिफ का किया ऐलान

*अमेरिका के नए 'अमेरिका फर्स्ट' व्यापार एजेंडे और उसकी आव्रजन नीति को लेकर भारत में व्याप्त चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ महत्वपूर्ण वार्ता करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे। ट्रंप ने गुरुवार को पीएम मोदी से मुलाकात के 2 घंटे पहले भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहला मौका है, जब पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर पहुंचे हैं। पीएम से मुलाकात के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ को लेकर बड़ी घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए टैरिफ पर घोषणा करते हुए कहा कि जो भी देश हमसे शुल्क लेगा, हम उससे शुल्क लेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि न ज्यादा या न कम, वे हमसे टैक्स या टैरिफ वसूलते हैं और हम बिल्कुल वैसा ही टैक्स या टैरिफ वसूलते हैं। कोई नहीं जानता कि वह संख्या क्या है। आप एक अलग देश में जाएं और देखें कि वे हमसे क्या चार्ज कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने इससे जुड़े नए टैरिफ पॉलिसी पर गुरुवार रात ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मस्क-मोदी की मुलाकात, अमेरिकी एनएसए से भी मिले



पीएम नरेंद्र मोदी ने वाशिंगटन डीसी के ब्लेयर हाउस में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से मुलाकात की। मस्क अपने परिवार के साथ पीएम मोदी से मिलने पहुंचे थे। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि मस्क के मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमने अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने मस्क से पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से भी मुलाकात की थी।



### प्रवासी भारतीयों ने किया स्वागत

अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह 'ब्लेयर हाउस' पहुंचने पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। कड़ाके की ठंड और बारिश के बावजूद समुदाय के सदस्य 'ब्लेयर हाउस' में एकत्र हुए। उन्होंने भारतीय एवं अमेरिकी झंडे लहराए और 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' एवं 'मोदी मोदी' के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का अमेरिका में स्वागत किया।

### भारत पर क्या होगा असर

*अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ बढ़ाया तो इससे नुकसान होगा। भारत अपना 17 फीसदी से ज्यादा विदेशी व्यापार अमेरिका से करता है। अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे फल और सब्जियों का सबसे बड़ा खरीदार है। 2024 में अमेरिका ने भारत से 18 मिलियन टन चावल भी इम्पोर्ट किया है। अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया तो अमेरिकी बाजारों में भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे बिकने लगेंगे। इससे अमेरिकी जनता के बीच इनकी डिमांड कम हो जाएगी।*

दोनों सदनों में जमकर हंगामा

# वक्फ बिल पर उबाल विपक्ष का वॉकआउट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) बिल, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट को लेकर गुरुवार संसद के दोनों सदनों में एनडीए और विपक्षी सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। विपक्षी सांसदों ने रिपोर्ट में आपत्तियों को शामिल नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि असहमति नोट के कुछ हिस्सों को अंतिम रिपोर्ट से हटा दिया गया है। लोकसभा में इस रिपोर्ट को संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की ओर से पेश किया गया। इस दौरान विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के कारण कार्यवाही बाधित हुई।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाए आरोप


विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष फर्जी रिपोर्ट को स्वीकार नहीं करेगा जो हमारे विचारों को कुचलती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि रिपोर्ट को वापस संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए और फिर से पेश किया जाए।

### इधर, पर्सनल लॉ बोर्ड ने दी चेतावनी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को धार्मिक भेदभाव पर आधारित तथा संविधान के मूल्यों के खिलाफ करार दिया। बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि यदि विधेयक को पारित किया गया तो राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार को सबका साथ, सबका विकास के अपने नारे पर अमल करते हुए इस विधेयक को वापस लेना चाहिए।

ग्वालियर में दिनदहाड़े वारदात

# मां की आंखों में मिर्च झोंक कारोबारी के बेटे का अपहरण



एजेंसी ▶▶| ग्वालियर

जिले के मुरार थाना क्षेत्र में एक शक्कर कारोबारी के बच्चे को बेखौफ बदमाश दिनदहाड़े किडनैप करके ले गए। बाइक सवार बदमाशों ने बच्चे की मां की आंखों में मिर्च झोंक दिया और बच्चे को लेकर भाग गए। अपने 8 साल के बेटे को बचाने के लिए मां दौड़ी लेकिन वह रास्ते में ही गिर गई। इधर, बंशीपुर गांव इलाके में बच्चा मिल गया। अपहरण की ये ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पिता जिले के बड़े शक्कर व्यापारी

अपहृत बच्चे शिवाय के पिता राहुल गुप्ता जिले के बड़े शक्कर कारोबारी हैं। सुबह कारोबारी की पत्नी स्कूटी से अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी। इस दौरान लाल रंग की बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। बदमाशों ने महिला की आंख में मिर्ची झोंक दी और बच्चे को उठा कर ले गए। घटना की जानकारी लगते ही मुरार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस पूरे इलाके की नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# महंत सत्येंद्र दास को सरयू तट पर दी जल समाधि

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दिवंगत मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास को बृहस्पतिवार की शाम जल समाधि दी गई। आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को पालकी में रखकर उनके निवास स्थान से सरयू नदी के तट पर ले जाया गया, जहां तुलसीदास घाट पर उन्हें जल समाधि दी गई।



### निकली अंतिम यात्रा

रामानंदी संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार, जल समाधि देने से पहले रामलला के मुख्य पुजारी के पार्थिव शरीर को शहर में घुमाया गया, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर अमर रहे के जयकारे लगाए। मुख्य पुजारी के अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोग सरयू तट पर खड़े थे। फैजाबाद/अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने जल समाधि से पहले आचार्य सत्येंद्र दास को श्रद्धांजलि दी।

# जय अंबे इमरजेंसी सर्विस ने किए 30 करोड़ रुपए सरेंडर

- वित्तीय अनियमितता के चलते आईटी की टीम ने 108 सेवा प्रदाता कंपनी के यहां किया था सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में इमरजेंसी सर्विस 108 सेवा उपलब्ध कराने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विस में आयकर विभाग की टीम गुरुवार दोपहर सर्वे का काम



जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के दफ्तर में आईटी सर्वे

कंपलीट कर लौटी है। इस दौरान इमरजेंसी सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी द्वारा वित्तीय अनियमितता स्वीकर करते हुए आईटी टीम के पास 30 करोड़ रुपए सरेंडर करने की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की टीम ने जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के अवंति विहार सेक्टर-2, ग्लोबल टावर ▶▶|शेष पेज 2 पर

### स्थापना लागत, खर्चे में गड़बड़ी

आईटी की जांच में यह सामने आया है कि कंपनी ने अपनी स्थापना लागत और खर्चों को अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था, जो कर देनदारी से बचने के लिए फर्जी बिलिंग के तौर पर उपयोग किया जा रहा था। आईटीआर तथा अन्य रिकार्ड में बड़े पैमाने पर खर्च दिखाकर प्राफिट कम दर्शाने की शिकायत का आंकलन के बाद यह कार्रवाई की ▶▶|शेष पेज 2 पर

हलफनामा पेश करने चार सप्ताह का दिया समय

# केंद्र सरकार को साइबर एक्सपर्ट नियुक्ति के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने प्रदेश में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ नहीं होने पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है, जहां साइबर अपराध हो रहे हैं, ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति बिलकुल जरूरी है। हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार को तत्काल साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट में प्रदेश में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ ▶▶|शेष पेज 2 पर

### चीफ जस्टिस ने की टिप्पणी

चीफ जस्टिस ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा, जैसा कि मामला प्रतीत होता है, आजकल एक गंभीर चिंता का विषय है। साइबर अपराध हो रहे हैं, ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति बिलकुल जरूरी है और भरोसा है कि भारत संघ नियुक्ति के लिए तत्काल कदम उठाएगा। अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा को चार सप्ताह में हलफनामा दाखिल कर सूचित करने निर्देश दिया है कि किस व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। अगली सुनवाई की तारीख 10 मार्च को रखी गई है।





# कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन

*बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है, लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।*

एजेंसी ⏭ मुंबई

रकुल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया- आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है, लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है।

कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है। रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही कॅरियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म 'यारियां' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले 'पति पत्नी और वो', 'हैप्पी भाग जाएगी' और 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह 'दे दे प्यार दे 2', 'इंडियन 3' जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# 'उतरन' की तपस्या से मिली पहचान



**मुंबई।** टीवी धारावाहिक 'उतरन' की तपस्या यानी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने 13 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। रश्मि देसाई ने इससे पहले भोजपुरी फिल्मों में भी काफी काम किया, हालांकि उन्हें प्रसिद्धी अपने इसी टीवी धारावाहिक से मिली। अभिनेत्री का नाम दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जुड़ चुका है। 'दिल से दिल तक' के सेट पर उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से हुई थी। इस शो के दौरान दोनों नजदीक आ गए थे। हालांकि, निजी कारणों से उनके बीच विवाद हुए और दोनों के रास्ते जुदा हो गए। रश्मि देसाई अपनी लव लाइफ में काफी अनलकी रही हैं। उन्होंने साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वे अभी भी सही जीवनसाथी की तलाश कर रही हैं।

रश्मि बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। इसके अलावा उन्होंने खतरों के खिलाड़ी 6 में हिस्सा लिया था। रश्मि देसाई हिट शोज में काम करने की पूरी कोशिश कर रही थीं, हालांकि पैसों की तंगी के कारण इससे पहले रश्मि देसाई बी ग्रेड फिल्मों में भी काम किया। वे कई सारी भोजपुरी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं। रश्मि पहली बार साल 2002 में 'कन्यादान' नामक असम फिल्म में नजर आईं थीं। रश्मि देसाई ने साल 2021 में ओटीटी पर भी डेब्यू किया। अभिनेत्री रश्मि देसाई तंदूर (2021), रात्रि के यात्री (2022), एलएलबी (2023), वूमनिया (2024), हिसाब बराबर (2025) जैसी ओटीटी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। रश्मि देसाई ओटीटी और टीवी के अलावा बॉलीवुड फिल्मों में भी देखा जा चुका है। वह 'दबंग 2', 'सुपरस्टार' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# वैलेंटाइस डे पर क्या है सितारों की खास तैयारी!

**मुंबई।** वैलेंटाइस डे हमारे लिए अपने प्रियजनों के साथ प्यार का जश्न मनाने और खूबसूरत यादें संजोने का एक बेहद खास मौका लेकर आता है। चाहे कोई बड़ा जश्न हो या छोटी-छोटी खुशियां, यह दिन अपनों के लिए प्यार और आभार जताने का होता है। सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) सहित एंड टीवी के कलाकारों ने भी इस प्यार भरे दिन पर अपने जीवनसाथी के लिए कुछ सरप्राइजेज की योजना बनाई है, ताकि इसे यादगार तरीके से मनाया जा सके। सपना सिकरवार, जो कि एंड टीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का किरदार अदा कर रही हैं, ने बताया, वैलेंटाइस डे हर रूप में प्यार का जश्न मनाने



का दिन है। मेरे पति और मेरे बीच काफी गहरा लगाव है, और हर साल हम एक-दूसरे को सरप्राइज़ देना नहीं भूलते। इस बार मैंने हमारी पहली डेट को रिक्रिएट करने की योजना बनाई है- जिसमें वही कैफ़े, वही पसंदीदा डिशेज़, और वही खूबसूरत एहसास शामिल होंगे। इसके अलावा, मैंने एक स्क्रैपबुक भी तैयार की है, जिसमें हमारी जिंदगी के यागदार लम्हों की तस्वीरें और खास पलों के नोट्स हैं। प्यार का असली मतलब ही एक-दूसरे को खास महसूस कराना है, और छोटे-छोटे लेकिन दिल से जताए गए आभार बहुत मायने रखते हैं। आप सभी को वैलेंटाइस डे की ढेरों शुभकामनाएं!

## गुमशुदा



मानसी साहू उर्फ नेहा साहू पिता मंगल साहू उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 1 बजरंग पारा, सकरी बिलासपुर दिनांक 13.02.2025 को सुबह 10.30 बजे घर से कहीं चली गई है। पिंक कलर का सलवार सूट पहनी है। जो गुंगी एवं मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बेटा तुम जहां कहीं भी हो जल्दी घर आ जाओं मम्मी- पापा बहुत परेशान है। जिस किसी सज्जन को दिखे, कृपया सूचित करने की कृपा करें। 10,000/- ईनाम दिया जावेगा। संपर्क करें: मंगल साहू मो. 9827405608, 9893522277



GRAND OPENING VISIT
An Exhibition on Mining and Construction Equipment
2ND EDITION CMS CHHATTISGARH MINING & CONSTRUCTION SHOW 2025
14 15 16 FEBRUARY 2025
Timing 12Pm to 8.30Pm
FREE ENTRY & PARKING
www.chhattisgarhminingshow.com
Shriram Business Park, Vidhan Sabha Road, Raipur, Chhattisgarh
Organizer: OLAMPIA EXHIBITION PVT LTD | Supported By | Gold Sponsor: MAK LUBRICANTS | Silver Sponsor: SECL | Registration Sponsor: सीएमपीडीआई cmpdi | Sponsor: CCL


## पहली फ्लाइट यात्रा से डरीं मोनालिसा



**नई दिल्ली।** मोनालिसा कुंभ मेले में माला बेचकर इतनी मशहूर हुईं कि वे आज किसी स्टार से कम पॉपुलर नहीं हैं। वे फिल्म में काम कर रही हैं। उन्हें बड़े-बड़े इवेंट में शामिल होने के मौके मिल रहे हैं। मोनालिसा को केरल में एक इवेंट में शामिल होने के लिए मोटी फीस मिली हैं। उन्होंने बॉलीवुड के फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ पहली फ्लाइट यात्रा की। वे पहली बार 7 स्टार होटल में रुक रही हैं। वे झोपड़पट्टी से सीधा 7 स्टार होटल में रात गुजारेंगी और डिनर करेंगी। फ्लाइट से पहले उनका ब्लड टेस्ट हुआ, ताकि जान सकें कि वे कहीं डरी हुई तो नहीं हैं। वे फ्लाइट यात्रा से पहले काफी डरी हुई थीं।

## 'रेड हल्क' की भूमिका में आएंगे नजर ...



**लॉस एंजिल्स।** हैरिसन फोर्ड 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में रेड हल्क की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में रॉस को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले 100 दिनों में कैप्टन अमेरिका (एंथनी मैकी) के साथ मिलकर काम करते हुए देखा गया, साथ ही अपनी बेटी के साथ सुलह करने और उसे यह दिखाने का प्रयास भी किया कि वह बदल गए हैं। इस बीच, वह एक बड़ा, लाल रहस्य छिपा रहे हैं, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं।


epaper : www.haribhoomi.com
# हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः- 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

### हेल्पर/मैकेनिक

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित सर्विस सेंटर को फ्रिज तथा ए.सी. सुधार के लिए चाहिए हेल्पर- 4 पद, मैकेनिक- 2 पद काम सीखने के इच्छुक भी संपर्क करें मो. 9893210882. (RO-3281)

### ड्रायवर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** रायुपर तेलीबांधा के पास आटोमैटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलु ड्राइवर की आवश्यकता है 11 घण्टे ड्यूटी संपर्क करें- 9754160228.(RO-7205)

**आवश्यकता है-** बोलेरो पिकअप के लिए ड्राइवर 4, हेल्पर 3, Logistic (Transport) मे गाड़ी चलाने और पार्सल बांटने के लिए आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करे मोबाइल नंबर :- 7772016666.(RO-3294)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सिविल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** सिविल इंजीनियर, साइट सुपरवाइजर, चौकीदार की आवश्यकता है। पता - जगदम्बा कंस्ट्रक्शन कबीर नगर रायुपर मों.- 8815464571.(RO-6222)

### जॉब कंसलटेन्सी

**आवश्यकता है-** कैरियर जॉब कंसलटेन्सी में पर्सनल सेकेटरी, टैली कॉलर, प्लांट सुपरवाइजर रिसेप्शनिस्ट, बिलिग एक्जीक्यूटिव, नर्सिग, कस्टमर रिलेसन्स, सिक्युरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिलिग इंचार्ज, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, सेल्स ट्रेनर, स्टोर इंचार्ज साइड सुपरवाइजर, पी आर टी इंग्लिश हिन्दी एन्ड के जी मदर टीचर संपर्कः- ऑफिस रायपुर घड़ी चौक 7879706968, 7389669576, 9131685985, 6265983246. (RO-932)

### लैब असिस्टेंट

**आवश्यकता है-** शर्मा पैथोलॉजी लैब में लैब असिस्टेंड लड़को की शीघ्र आवश्यकता है। योग्यता 12वीं पास। पताः- शर्मा पैथालॉजी लैब प्रथम तल प्रिंयका कॉम्पेलेक्स दुर्ग (छ.ग.) मो.-94060-90948(आरो न.-680)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री है पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423.(RO-36790)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907.(आरो न.-682)

### एजेंसी/ड्रायवर कार्य

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेंसी में कार्य हेतु फ्रेशर युवतियों एवं युवकों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क करें - यूनिकेयर मेडिकल एजेंसी कचहरी रोड दुर्ग- 74152-60003.(आरो न.-1511)

### डिलीवरी/पैकिग कार्य

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में डिलीवरी एवं पैकिंग कार्य हेतु मेल स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार, अनुभवी को प्राथमिकता न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10th संपर्क करें संजय मेडिकल स्टोर 4, मेडिकल कॉम्पलेक्स रायपुर मोबाइल 9425287088.(RO-6219)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** फील परमार्थम आश्रम,सेक्टर 3, भिलाई में तत्काल आवश्यकताः 1.पुरुष एवं महिला केयरटेकरः दायित्वःभोजन परोसना, नहलाना, डाइपर बदलना, A शिफ्ट सुबह11 से रात 9, B शिफ्ट रात 9 से सुबह7, 2.रसोईया समयः 7:30am - 1Pm, 4pm -8pm संपर्कः 7000487419 (आरो न.-677)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस स्टॉफ हेतु लड़के / लड़कियो की आवश्यकता है। पता हेतु बायोडाटा वॉट्सऐप करें- 7390843179 जरुरतमंद ही संपर्क करें:-दुर्ग (आरो न.-679)

**शीघ्र आवश्यकता है -** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन- बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री- गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 8085888353, 8962000161.(RO-303)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884.(RO-6220)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000/- से 15000/- ऑफिस पता संतोषी नगर के आगे डुण्डा दुर्गा मंदिर के पास मों. नंबर 9329176284, 9343688254.(RO-6218)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है, योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 रहना खाना फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना 8871422576, 9981576163. (RO-302)

**आवश्यकता है-** रायपुर में कार्य करने हेतु आठवीं/ दसवीं तक पढ़े लड़कों की आवश्यकता है। कार्य समय 11:00 से 8:00 बजे तक इच्छुक (मोबाइल नंबर) सहित संपर्क करें शिल्पा सेल्स ए-10 आरडीए कॉम्पलेक्स शारदा चौक रायपुर (RO-7204)

**आवश्यकता है-** आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र संपर्क करें- 8937847856, 6395268809.(RO-301)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियो व कम्प्यूटर आपरेटर कीः शीघ्र संपर्क करें अरुण कुमार एण्ड संस उतई पाटन रोड, महिमा अस्पताल के सामने उतई (आरो न.-681)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178. (RO-3290)

### मुनीम

**आवश्यकता है-** रायपुर, दोनदेकला स्थित दाल मिल में एक मुनीम की आवश्यकता है, जिसको कंप्यूटर की जानकारी हो, संपर्क करें, 9425205358, 9424214111.(RO-33)

### प्यून/चपरासी

**आवश्यकता है-** गोडाऊन में कार्य हेतु लेबर (पीयून/चपरासी) की। सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर। संपर्क - 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-934)

### दुकान/टैली कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु युवकों एवं कंप्यूटर (टेली ,अकाउंट) हेतु युवतियों की आवश्यकता है,वेतन योग्यतानुसार। संपर्क - नरूला ट्रेडर्स, एम.जी. रोड,रायपुर। मोबाइल - 9425147854. (RO-493)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** Assistant project head Qualification- B.E. Electrical, B.E. Computer Science माना बिजली ऑफिस, सेज बहार बिजली ऑफिस, समोदा बिजली ऑफिस, लामा शिवनी बिजली ऑफिस इन सभी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता- 10वीं 12वीं (ITI, non ITI) मोबाइल नंबर - 7828997228, 9644176000.(RO-6221)

छोटा विज्ञापन

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7866031540.(RO-679

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3262)

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.(RO-3275)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## Property प्रापर्टी

### भूमि

**भूमि बेचना है-** अंजोरा से 6 कि. मी., ग्राम भरदा पिकनिक स्पॉट से मात्र 3 कि.मी. ग्राम बिरेझर में फॉर्म हाउस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। सम्पर्क :- 99814 23470.(आरो 670)

### मकान

**मकान बेचना है-** न्यू चंगोरा भाटा मे मकान बेचना है प्लाट एरिया 450 sq.ft. का हैं और कंट्रक्शन 900 sq.ft. का है ऊपर नीचे मिला के हैं। मो. 9752444511.(RO-M)

## For Rent किराया

**किराये से चाहिए -** बिरगांव /उरला क्षेत्र में स्कूल संचालन हेतु लगभग 4000 वर्गफीट किराए पर भवन चाहिए जिसमें 5 कमरे, शौचालय एवं खेल गतिविधियों हेतु खुले स्थान की व्यवस्था हो संपर्क करें:- 9770097780, 8319536251. (RO-3288)

**मकान किराए से चाहिए-** रेल्वे स्टेशन के आसपास गुढ़ियारी, कोटा, रामनगर, श्रीनगर, फाफाडीह, समता, चौबे कॉलोनी में ऑफिस और घर के लिए फीमेल स्टॉफ चाहिए 5000/- से 10000/- तक मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो गुढ़ियारी रायपुर 9039321951.(RO-3293)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी CLASSIFIED RATE CARD 15 जुन 2024 से लागु

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क डॉ. अहमद
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
दिन- सोमवार, मंगलवार बुधवार, 10 से 5 बजे तक रविवार, 10 से 2 बजे तक
9098889899

## खबर संक्षेप

### होंडा, निसान के बीच नहीं होगी एकीकरण पर बातचीत




**टोक्यो।** जापानी वाहन विनिर्माता कंपनियों होंडा, निसान और मित्सुबिशी ने अपने कारोबार के एकीकरण के लिए जारी बातचीत बंद करने की बृहस्पतिवार को घोषणा कर दी। निसान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मकोतो उचिदा ने कहा कि बातचीत का मकसद संयुक्त 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने से हटकर निसान को होंडा की अनुषंगी कंपनी बनाने पर केंद्रित हो गया था।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने बनाए डीलर साझेदार

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल में लांच अपने लक्जरी ब्रांडों के बिक्री मंच एमजी सिलेक्ट के लिए देश भर में 12 डीलर साझेदार नियुक्त किए हैं। डीलरों की नियुक्ति कई स्थानों पर की गई हैं जिसमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और चंडीगढ़ आदि शामिल हैं। कंपनी बिक्री मंच से साइबरस्टर और एमजी एम9 मॉडलों की बिक्री करेगी।

### जुबिलेंट फूडवर्क्स का शुद्ध मुनाफा 43.24 करोड़ रुपए

JUBILANT FOODWORKS

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 43.24 करोड़ रुपये रहा। डंकिन जैसे ब्रांड के लिए फ्रेंचाइजी अधिकार रखने वाली जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 65.71 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।
तिमाही में एकीकृत परिचालन आय 2,150.76 करोड़ रुपये रही

# अब कोई नहीं उठा पाएगा एनआरआई स्टेटस का गलत फायदा, भरना होगा टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को न्यू इनकम टैक्स बिल को संसद में पेश कर दिया। इसमें टैक्स रेजिडेंसी के मानदंडों को पुनः परिभाषित किया गया है, जिसका अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। खासकर, उन लोगों पर जो भारत में 15 लाख रुपए या उससे अधिक कमाते हैं और टैक्स नहीं भरते हैं।

- अब 15 लाख से अधिक कमाने वाले को भारत का नागरिक माना जाएगा

इस नए नियम के तहत 15 लाख से अधिक कमाने वाले व्यक्तियों को भारत का नागरिक माना जाएगा और उन्हें भारत में कमाए गए अपने इनकम पर टैक्स देना होगा। इस नए कदम को उठाए जाने का मकसद एनआरआई स्टेटस के दुरुपयोग और टैक्स चोरी को रोकना है।

## नए इनकम टैक्स बिल में टैक्स रेजिडेंसी के मानदंड पुनः परिभाषित

### इन पर नहीं लागू होगा 60 दिन वाला नियम

हालांकि, अगर कोई व्यक्ति किसी इंडियन एयरलाइन या शिप के क्रू मेंबर के तौर पर भारत छोड़ता है या बाहर नौकरी के लिए जाता है, तो उसे 60 दिन के नियम के दायरे में नहीं लाया जाएगा। इसी तरह, भारत आने वाले एनआरआई को भी इस शर्त पर छूट मिलेगी। अगर भारत आने वाला कोई व्यक्ति 15 लाख रुपए (विदेशी स्रोत से होने वाली आय को छोड़कर) से अधिक कमाता है, तो 60 दिन के नियम को बढ़ाकर 120 दिन कर दिया जाएगा।




### भारत का टैक्स सिस्टम इस बात पर देता जोर

भारत का टैक्स सिस्टम नागरिकता के बजाय देश में किसी व्यक्ति की उपस्थिति पर आधारित है। मौजूदा समय में एनआरआई पर टैक्स केवल भारत में उनके कमाए गए आय पर लगाया जाता है, जबकि देश के बाहर किया गया उनका इनकम टैक्स फ्री रहता है। पिछले कुछ सालों में देखा गया कि कई लोग टैक्स से बचने के लिए एनआरआई स्टेटस का लाभ उठा रहे हैं, जबकि कमाई भारत में रहकर कर रहे हैं। नया नियम टैक्स में चोरी को रोकने के साथ ही साथ निष्पक्ष कराधान को भी सुनिश्चित करेगा।

### अब एनआरआई स्टेटस का नहीं उठा पाएंगे फायदा

इस बिल के तहत माना गया है कि अगर कोई व्यक्ति एक टैक्स ईयर में कम से कम 182 दिन भारत में बिताता है या 60 दिन या उससे अधिक समय भारत में बिताता है या चार वर्षों में भारत में कुल 365 दिन या उससे अधिक समय बिताया है, तो उसे यहां का नागरिक माना जाएगा और इनकम पर टैक्स देना होगा।

## वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी ने जारी की रिपोर्ट

# उभरते कौशल, नेतृत्व भूमिकाओं के लिए 30-40 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि संभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय उद्योग जगत में इस साल छह प्रतिशत से लेकर 15 प्रतिशत तक की सीमा में वार्षिक वेतन वृद्धि होने का अनुमान है। वेतन वृद्धि का अनुपात उद्योग, भूमिका के महत्व और विशिष्ट कौशल पर निर्भर करेगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी माइकल पेज की तरफ से जारी '2025 सैलरी गाइड' के मुताबिक, उभरते कौशल और महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि का आंकड़ा 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।फर्म ने कहा कि भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में मजबूती दिखाई है, जिससे 2024 की शुरुआत की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों में वृद्धि हुई है।

### पदोन्नति के मामले में वेतनवृद्धि 20 से 30 फीसदी के बीच

इसने कहा, "भारत में वार्षिक वेतन वृद्धि आम तौर पर छह से 15 प्रतिशत के बीच होती है जबकि पदोन्नति के मामले में वेतन वृद्धि आम तौर पर 20-30 प्रतिशत के बीच होती है। हालांकि, महत्वपूर्ण नेतृत्व और उभरते कौशल भूमिकाओं में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाती है।"

- इस साल छह से लेकर 15 फीसदी तक वेतन वृद्धि का अनुमान
- नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है
- भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में वृद्धि दिखाई



### एक दर्जन कोषों ने भारत में परिचालन बढ़ाया

*इसमें कहा गया है कि एक दर्जन से अधिक नए वैश्विक निजी इक्विटी, सॉवरेन, उद्यम पूंजी, रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा कोष ने भारत में अपने परिचालन का विस्तार किया है, जो वैश्विक निवेश परिदृश्य में देश के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।*

### औसत वृद्धि नौ फीसदी के आसपास होगी

*पेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष के लिए वेतन वृद्धि अनुमान छह से 15 प्रतिशत है तथा औसत वृद्धि नौ प्रतिशत के आसपास होगी, जो पिछले वर्ष के आंकड़े के समान है। हालांकि उद्योग और कौशल के आधार पर यह असमानता बहुत अधिक है।*

### भर्तियां उपभोक्ता मांग बढ़ने से बढ़ी

नौकरियों की जानकारी देने वाले मंच फाउंडइट के इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, जनवरी में भर्तियों में वृद्धि का श्रेय बढ़ती उपभोक्ता मांग, केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित रणनीतिक प्रोत्साहन और स्थिरता पहलों पर बढ़ते ध्यान को दिया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी, 2025 में भर्ती में 32 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है, जो बाजार में नए सिरे से विश्वास का संकेत है।

### नवीकरणीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा नौकरियां

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में नवीकरणीय क्षेत्र में नौकरियां सबसे ज्यादा रहीं। इनमें पिछले दो वर्षों की तुलना में 41 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका कारण स्वच्छ ऊर्जा पहलों का विस्तार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्र वैश्विक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों से प्रेरित होकर इस वृद्धि में सबसे आगे हैं।



### कार्यालय वाली नौकरियों में भर्ती बढ़ी

जनवरी में कार्यालय वाली नौकरियों के लिए भर्ती में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन और विनिर्माण जैसे उद्योगों का मुख्य योगदान रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

# जनवरी में सर्वाधिक 3.99 लाख यात्री वाहन बिके : सियाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत बढ़कर 3,99,386 इकाई हो गई। जनवरी माह में दर्ज यह अब तक की सर्वाधिक बिक्री है जिसे यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग से समर्थन मिला। उद्योग संगठन सियाम की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, जनवरी 2024 में यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 3,93,074 इकाई रही थी। यूटिलिटी वाहनों की आपूर्ति जनवरी, 2025 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,12,995 इकाई हो गई जबकि जनवरी, 2024 में यह संख्या 2,00,917 इकाई थी।

- यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग रही
- सालाना आधार पर बिक्री 1.6 फीसदी अधिक रही



*हुंडई की वाहन बिक्री पांच फीसदी कम रही : वहीं हुंडई मोटर इंडिया ने 54,003 वाहनों की बिक्री की जो जनवरी 2024 के 57,115 वाहनों से पांच प्रतिशत कम है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री जनवरी में बढ़कर 50,659 इकाई हो गई जो जनवरी 2024 में 43,068 इकाई थी।*

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि पिछले महीने यात्री कारों की थोक बिक्री 1,27,065 इकाई पर स्थिर रही, जो जनवरी 2023 में 1,26,505 इकाई थी। वैन की आपूर्ति जनवरी 2024 में 12,019 इकाइयों से 6.4 प्रतिशत घटकर पिछले महीने 11,250 इकाई रह गई।

### दोपहिया वाहनों की बिक्री में रहा इजाफा

सियाम ने कहा कि पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत बढ़कर 15,26,218 इकाई हो गई, जबकि जनवरी 2024 में यह 14,95,183 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 5,48,201 इकाई हो गई।

## बिजनेस साइट

### सिंघानिया बिल्डकॉन: हर्षित लैंडमार्क में 'गृह प्रवेश 2025' फेस्ट आज से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक प्रमुख ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन अपने ड्रीम प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क में 14 से 16 फरवरी तक 'गृह प्रवेश 2025 फेस्ट' का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन सिंघानिया बिल्डकॉन के 25 से अधिक रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स में ग्राहकों से मिले प्यार और विश्वास को देखते हुए किया जा रहा है। हर्षित लैंडमार्क में ग्राहकों को 55 लाख रुपए से शुरू होने वाली कीमतों पर 3 और 4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट, कमर्शियल शॉप्स और ऑफिस स्पेस रेडी-टू-पोजेशन उपलब्ध हैं। इस आयोजन के दौरान कई आकर्षक स्कीम लांच की गई हैं, जिनमें 100% बैंक फाइनेंस, 0% प्रोसेसिंग फीस और फ्री क्लब चार्ज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। हर्षित लैंडमार्क की लोकेशन शहर के प्रमुख स्थानों के बहुत करीब है। यह एम्स हॉस्पिटल, एनआईटी, पं. दीनदयाल सभागार, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के पास स्थित है, जहां पहले से ही 700 से अधिक परिवार लक्जरी जीवनशैली का आनंद ले रहे हैं। इसके अलावा, यहां 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, कवर्ड बाउंड्रीवॉल और 24 घंटे सिक्योरिटी की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### लियो वन ने देश का पहला फीस रीइंबर्समेंट कार्ड किया लांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार अब यहाँ के बच्चो को अपनी एजुकेशन फीस भरने में आकर्षक कैशबैक मिलेगा यह पहल की है रोहित शर्मा-समर्थित एडु-फिनटेक कंपनी लियो वन ने। रायपुर स्थित रेजिडेंशियल मिलिट्री स्कूल कार्डिनल वॉरियर्स के साथ साझेदारी करते हुए कंपनी ने भारत का पहला फीस रीइंबर्समेंट कार्ड लांच किया। छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति को और अधिक मजबूत करने के लिए कंपनी अन्य एजुकेशन इंस्टिट्यूट के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी ताकि राज्य के अनेक बच्चों को इसका लाभ दिया जा सके। यह कार्ड छात्रों को समय पर फीस और अन्य जरूरी भुगतान करने पर रिवार्ड और कैशबैक प्रदान करता है।




### नान-एक्सिस बैंक खातों से कर सकेंगे फिक्स्ड डिपॉजिट

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने गुरुवार को एक अनूठी सुविधा की घोषणा की, जिससे ग्राहक अपने नॉन-एक्सिस बैंक खातों के फंड का उपयोग करके फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। यह सुविधा एक्सिस बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से यूपीआई और नेट बैंकिंग भुगतान विकल्पों का उपयोग करके उपलब्ध कराई गई है। अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम का लाभ उठाकर इस अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधा को शुरू करने वाला एक्सिस बैंक पहला निजी बैंक बन गया है, जिससे ग्राहकों को एक निर्बाध बैंकिंग अनुभव मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ माइनिंग कंस्ट्रक्शन और सोलर एक्सपो 2025 का आज से

**रायपुर।** ओलंपिया एग्जिबिशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ माइनिंग और सोलर एक्सपो का भव्य आयोजन 14 फरवरी से 16 फरवरी तक श्री राम बिजनेस पार्क विधानसभा रोड में किया जा रहा है। इस एक्सपो में देशभर की माइनिंग तथा सोलर से संबंधित कंपनियों के स्टाल लगाए गए हैं। इस एक्सपो में प्रमुख कंपनियों जैसे कोल इंडिया से संबंधित एसईसीएल, सीसीएल, सीएपीडीआई, बीपीसीएल, टाटा स्टील लिमिटेड आदि द्वारा अपने स्टाल्स लगाए गए हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य माइनिंग और सोलर के क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों को नई तकनीकी से जोड़ने का अवसर प्रदान करना है, साथ ही प्रदेश में इन क्षेत्रों से जुड़े उद्योगों को नई दिशा मिल सकेगी।

## आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर लगे प्रतिबंध हटाए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कोटक महिंद्रा बैंक पर नौ महीने से अधिक समय से लगे प्रतिबंधों को हटा लिया है। बैंक पर प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर चिंताओं के कारण कारोबारी प्रतिबंध लगाये गये थे। आरबीआई ने कहा कि वह निजी क्षेत्र के बैंक द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायों से 'संतुष्ट'' है, और उसे नए क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दी है।




कोटक ने एक बाहरी सलाहकार से तृतीय पक्ष सूचना प्रौद्योगिकी 'आईटी'' ऑडिट कराया था, तथा अन्य कई उपाय भी किए। पूर्वगवर्नर शक्तिकान्त दास के कार्यकाल में आरबीआई ने पर्यवेक्षी उपाय के रूप में कई संस्थाओं पर व्यावसायिक प्रतिबंध लगाया था। इनमें निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक पर मार्च, 2022 तक लगभग 15 महीने के प्रतिबंध लगाना भी शामिल है।

## वैल्यू म्यूचुअल फंडों में जनवरी में आया 1,556 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैल्यू म्यूचुअल फंडों में निवेशकों का भरोसा मजबूत बना हुआ है और इस श्रेणी में जनवरी में 1,556 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। यह निवेश मौलिक रूप से मजबूत लेकिन कम मूल्य वाले शेयरों की ओर उनके ध्यान में बदलाव का संकेत है। वैल्यू फंड एक तरह का म्यूचुअल फंड होता है जो उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है जिनका मूल्यांकन कम माना जाता है। वैल्यू फंड लंबी अवधि के निवेशकों के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, यह दिसंबर में दर्ज 1,514 करोड़ रुपये के निवेश से कुछ ज्यादा है। इसके बावजूद इस श्रेणी में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) दिसंबर में 1.88 लाख करोड़ रुपये से घटकर जनवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये रह गईं। एम्फी का कहना है कि वैल्यू फंड के एयूएम में आई यह गिरावट कुछ चुनौतियों को दर्शाती है, लेकिन 2025 में वैल्यू फंड के लिए दृष्टिकोण आशावादी बना हुआ है। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष जोसेफ ने कहा कि वैल्यू फंड का भविष्य काफी हद तक क्षेत्रीय रुझानों और व्यापक आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगा।




HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर | Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा | SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथेरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में किया शानदार प्रदर्शन

# रजत को आरसीबी ने बनाया कप्तान कोहली ने कहा- 'आप इसके हकदार'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी सत्र के लिए गुरुवार को रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। पाटीदार दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल टीम ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा था। पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी तथा विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है।

इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था। पाटीदार की अगुआई में मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी जहां वे पिछले साल मुंबई से पांच विकेट से हार गए थे। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने पाटीदार को कप्तान बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'रजत में सादगी है, वह अपने आस-पास के लोगों की परवाह करता है, हमने करीब से देखा है कि उसने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कैसे किया है, हमें यह बहुत पसंद आया।'




### कोहली ने दी बधाई

कोहली ने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। कोहली ने फ्रेंचाइजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो बयान में कहा, 'मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। आप इसके हकदार हैं।'



### 68 मैच जीते, 70 हारे

कोहली की अगुआई में टीम ने 68 मैच जीते, 70 हारे और चार मैच बेनतीजा रहे। टीम 2016 में कोहली की अगुआई में आईपीएल फाइनल में पहुंची थी। कप्तान ने उस सत्र में 973 रन बनाए थे जो आईपीएल के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। आईपीएल 2024 में कोहली 154 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। फ्रेंचाइजी ने स्वीकार किया कि कप्तान की भूमिका के लिए कोहली के नाम पर भी चर्चा हुई थी।

### पाटीदार ने बनाए 428 रन

दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में अजिंक्य रहाणे के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 10 मैच में 61 की औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे। पाटीदार डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें 2022 से 2024 तक टीम की कप्तानी करने के बाद रिलीज कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीकी के 40 वर्षीय डु प्लेसी आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे।

### विराट ने 143 मैचों में की कप्तानी

गुरुवार की घोषणा से पहले विराट कोहली के फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में लौटने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रहीं थी। कोहली 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान थे और उनका रिकॉर्ड शानदार रहा लेकिन उनकी अगुआई में टीम खिताब नहीं जीत सकी। कोहली ने 143 मुकाबलों में आरसीबी का नेतृत्व किया जो चेन्नई सुपर किंग्स के लिए दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के बाद कप्तान के रूप में दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल है।

## हारे गुकेश, केमर ने कार्लसन को हराकर किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| हैम्बर्ग

विश्व चैंपियन डी गुकेश का जीत का इंतजार जारी रहा और उन्हें फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में हिकारू नाकामूरा के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। गुकेश को सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी स्थिति में पहुंचने के बावजूद टाईब्रेकर की दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने एक रणनीतिक गलती की और नाकामूरा ने इसका फायदा उठाते हुए पांचवें स्थान के प्ले ऑफ में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी। गुकेश अब सातवें स्थान के प्ले ऑफ में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे। बुधवार का दिन हालांकि विनसेंट केमर के नाम रहा जिन्होंने नॉर्वे के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को 1.5-0.5 से हराया। केमर ने 48 चाल में जीत दर्ज की। कार्लसन अब तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में खेलेंगे। फाइनल केमर और अमेरिका के फाबियानो करुआना तथा उज्बेकिस्तान के जेवोखिर सिंदारोव के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता के बीच होगा।

38वां राष्ट्रीय खेल

## हरियाणा और कर्नाटक ने जीते हॉकी के स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

हरियाणा ने पिछले सत्र की अपनी हार का बदला चुकता करते हुए गुरुवार को यहां गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

मध्य प्रदेश को ऐश्वर्या चव्हाण ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद हरियाणा ने जोरदार वापसी करते हुए महिमा चौधरी (37वें मिनट), इशिका (45वें और 50वें मिनट) और मोनिका (55वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। गोवा में 2023 में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने शूट आउट में हरियाण को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बेहद कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। फराज खान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई लेकिन कर्नाटक के सामंत सी ने आठवें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटि (18वें मिनट) और अभारन सुदेश (39वें मिनट) ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर कर्नाटक को 3-1 की बढ़त दिलाई।

## डब्लूपीएल : तीसरा सत्र आज से, अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू क्रिकेटर लगाएंगी रनों की झड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

महिला प्रीमियर लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से यहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच के साथ शुरू होगा जिसमें नजरें भारत के उदीयमान क्रिकेटरों पर लगी होंगी। अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीग की असल सफलता घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है। पहले दो सत्र में श्रेयांका पाटिल और साइका इशाक जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में भी जगह बनाई। डब्लूपीएल के हर सत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों की सूची बढ़ती जा रही है। एलिसा हीली, सोफी मोलिनू और केट क्रॉस चोट के कारण इस सत्र में नहीं खेलेंगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी : टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे परिजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के परिजन साथ नहीं जाएंगे चूंकि बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है जिसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेलेगी जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के तीन शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को है लिहाजा यह दौरा तीन सप्ताह से कम समय का ही है जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की अनुमति नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो सप्ताह के लिए जा सकता है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका परिवार नहीं जा रहा।






# एआई घड़ी बताएगी आपके जीवन का आखिरी दिन कब होगा!

**लंदन।** आजकल इंटरनेट पर एक अनोखी वेबसाइट चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसका नाम है "डेथ क्लॉक". यह वेबसाइट दावा करती है कि वह आपकी मृत्यु का समय भविष्यवाणी कर सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके यह वेबसाइट व्यक्तिगत जानकारी जैसे उम्र, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), डाइट, एक्सरसाइज स्तर, और धूम्रपान की आदतों के आधार पर यह अनुमान लगाती है कि आपका अंत कब हो सकता है और कैसे होगा।






### कैसे काम करता है डेथ क्लॉक?

*डेथ क्लॉक वेबसाइट का दावा है कि इसकी एआई-चालित जीवन प्रत्याशा कैलकुलेटर आपके जीवन की तारीख की भविष्यवाणी कर सकता है, जो आपके रहने की जगह, धूम्रपान की आदतें और जीवनशैली पर निर्भर करता है। इस कैलकुलेटर का उपयोग करते हुए, वेबसाइट आपको आपके जीवन के अंतिम दिन की सटीक तारीख बता देती है, और एक काउंटडाउन शुरू कर देती है जो आपके मरने तक के दिन, घंटे, मिनट और सेकंड गिनती है। दिलचस्प बात यह है कि इस वेबसाइट का लोगो भी एक कंकाल का है।*

### कैसे करें इस्तेमाल?

इस वेबसाइट का उपयोग करना बेहद आसान है। आपको बस अपनी जन्मतिथि, लिंग, धूम्रपान की आदतें, बीएमआई और रहने का देश भरना होता है। यदि आपको अपनी बीएमआई का पता नहीं है, तो वेबसाइट पर दिए गए बीएमआई कैलकुलेटर का उपयोग कर सकते हैं। इसके बाद वेबसाइट एक टॉम्बस्टोन (समाधी) के रूप में आपकी भविष्यवाणी की हुई मृत्यु की तारीख प्रदान करती है। अब तक, इस एआई-पावर्ड क्लॉक ने 63 मिलियन से अधिक यूजर्स की मृत्यु की तारीख भविष्यवाणी की है।

### लंबी उम्र के लिए कुछ खास टिप्स

डेथ क्लॉक केवल आपकी मृत्यु का समय नहीं बताता, बल्कि यह आपको लंबी उम्र जीने के लिए कुछ उपयोगी टिप्स भी देता है। वेबसाइट का कहना है कि यदि आप अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करें, तो आपकी जीवन प्रत्याशा बढ़ सकती है। इसमें वजन को नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम करना, धूम्रपान छोड़ना और संतुलित आहार लेना जैसे सुझाव दिए गए हैं।


### डेथ क्लॉक के द्वारा दिए गए सुझाव

- स्वस्थ वजन बनाए रखें
- नियमित व्यायाम करें
- धूम्रपान छोड़ें
- संतुलित आहार लें
- कम या बिना शराब पिएं
- अच्छी नींद लें
- नियमित जांच कराएं
- तनाव को नियंत्रित करें
- सामाजिक संबंध बनाए रखें
- जीवनभर कुछ नया सीखते रहें

5 साल के बच्चे ने बताई ऐसी बातें, मां को आया चक्कर!

## 'पुनर्जन्म हुआ है मेरा, आग में जलकर मरा था मैं'

***लंदन।** दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में आपको अलग-अलग किस्म की घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। कुछ घटनाएं तो ये इतनी अजीब होती हैं कि सुनकर ही आपके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। खासतौर पर कहानी अगर पुनर्जन्म से जुडी.हुई हो। सोचिए अगर कोई अपने पिछले जन्म और मृत्यु के बारे में बताने लगे, तो सुनने वाले की क्या हालत होगी। कुछ ऐसा ही हुआ एक मां के साथ। बच्चों की बातों को लोग सच नहीं मानते, लेकिन अगर कोई 5 साल का बच्चा अपने पूर्व जन्म के बारे में बताने लगे, तो बर्दाश्त करना मुश्किल हो जाता है। बच्चे ने अपनी मां को अपने पूर्व जन्म की एक-एक घटना बता दी। वो दावा कर रहा था कि वो अपने पिछले जन्म को जानता है और उसे ये भी याद है कि आग में जलकर उसकी मौत हुई थी। ये घटना साल 2015 की है, जब 5 साल के एक ल्यूक रुहेलमैन नाम के बच्चे ने अपनी मां को अपनी पिछले जन्म की कहानी बताई। उसने बताया कि उसका नाम पैम था और वो शिकागो में एक लड़की के तौर पर जन्म था, जिसकी मौत 1993 में लगी आग के दौरान हो गई थी। इतना ही नहीं, उसने ये भी बताया कि लड़की के तौर पर उसके काले बाल थे और कानों में वो बालियां पहना करता था। लड़के की मां के मुताबिक वो अक्सर पैम नाम लिया करता था। जब उसने एक दिन उससे पूछा की पैम कौन है, तो उसने उसे ये कहानी बताई। लड़के ने बताया कि वो खुद पैम था और मरने के बाद वो स्वर्ग पहुंचा। भगवान को देखा, लेकिन उन्होंने उसे फिर से धरती पर भेज दिया और वो बच्चा बनकर आया।*



### सच्चाई जानकर सिहर गई मां

एक टीवी शो में आई मां ने बताया कि उसे यकीन नहीं हुआ, जब बेटे ने बताया कि वो किस तरह आग के दौरान बिल्डिंग से कूदा था।जब उसने इंटरनेट पर सर्च किया तो उसे पता चला कि वाकई शिकागो के पैक्सटन होटल में आग लगी थी और 19 लोगों की जान गई थी। मरने वालों में से एक पामेला रॉबिंसन भी थी, जो खिड़की से कूदकर मर गई थी। उसने किसी तरह से पामेला की फोटो ढूंढी और कुछ रद्दी पेपर्स के बीच फेंक दिया। ल्यूक ने इनके बीच से वो तस्वीर उठाई और मां सन्न रह गई। हालांकि, धीरे-धीरे ल्यूक को ये चीजें भूलने लगीं और वो सामान्य जिंदगी जीने लगा।

यहां प्यार को निभाना है जरूरी

# भारत का 'वैलेंटाइन गांव' जहां लव मैरिज है एक परंपरा

एजेंसी ▶▶| सूरत

वैलेंटाइन डे हर साल 14 फरवरी को मनाया जाता है, लेकिन सूरत के एक छोटे से गांव भाटपोर में यह पूरा साल चलता है। यहां के लोग किसी और की तरह नहीं, बल्कि अपनी पसंद से प्यार करते हैं और वही प्यार उन्हें जीवन भर का साथी बना देता है। इस गांव का नाम भाटपोर है, और यहां लव मैरिज (प्रेम विवाह) एक परंपरा बन चुकी है। यहां के लोग इस पर गर्व करते हैं और यह सोचते हैं कि लव मैरिज उनके गांव की पहचान है।

### क्या है भाटपोर गांव की खासियत?

भाटपोर गांव की बात करें तो यहां के लोग पिछले तीन पीढ़ियों से एक खास तरह के रिश्ते बनाते आ रहे हैं। 90 फीसदी से भी ज्यादा लोग इस गांव में लव मैरिज करते हैं। मतलब, इस गांव में जो लड़का-लड़की एक-दूसरे से प्यार करते हैं, वे बिना किसी डर के अपने परिवार की सहमति से शादी करते हैं। मजे की बात यह है कि यहां के बुजुर्ग भी इस परंपरा को पूरी तरह से सपोर्ट करते हैं। यह गांव इस मामले में दूसरे गांवों से बिल्कुल अलग है। यहां लव मैरिज एक ट्रेंड नहीं, बल्कि एक खुसूसियत बन चुकी है। पिछले तीन दशकों से, लोग यहां शादी के लिए गांव के बाहर नहीं जाते। हर पीढ़ी ने यही तरीका अपनाया और यह परंपरा लगातार बढ़ती चली गई।

### गांव में शादी करना है गर्व की बात!

*यहां के लोग मानते हैं कि गांव में शादी करने से नया माहौल ढ़ालने का तनाव नहीं होता। वे गांव में ही रहकर अपनी जिंदगी को अच्छे से जी सकते हैं। इसका फायदा यह है कि हर कोई एक-दूसरे को जानता है, और जब कोई शादी करता है, तो वह सिर्फ अपने साथी से नहीं, बल्कि पूरे गांव से जुड़ता है। भाटपोर में शादी करना कोई साधारण बात नहीं है, बल्कि यह एक परंपरा और गर्व की बात मानी जाती है। यहां की संस्कृति और परंपराएं इसके महत्व को और बढ़ाती हैं। गांव में शादी करने से रिश्ते मजबूत होते हैं और सभी के बीच एक मजबूत संबंध बनता है।*



### कहानी भाटपोर की रमीला बेन पटेल की

भाटपोर की निवासी रमीला बेन पटेल ने भी इस परंपरा के बारे में कुछ खास बातें साझा कीं। उन्होंने बताया, 'मेरा ससुराल और मायका दोनों इसी गांव में हैं। सालों से हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी यह परंपरा चली आ रही है।' उन्होंने अपनी बेटी की शादी भाठा गांव में करवाई है, जो इस परंपरा का हिस्सा है। रमीला बेन का कहना है कि इस गांव में लोग अपनी शादी के लिए हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं।

### तीन पीढ़ियों से लव मैरिज का ट्रेंड

अगर आप सोच रहे हैं कि भाटपोर में लव मैरिज सिर्फ आजकल के युवाओं की बात है, तो ऐसा नहीं है। यहां के दादा-दादी भी अपनी शादी में लव मैरिज का हिस्सा रहे हैं। यानी इस गांव में लव मैरिज की शुरुआत बहुत पहले हो चुकी थी और आज भी यह परंपरा लगातार आगे बढ़ रही है। यहां के लोग इस बात पर गर्व करते हैं कि वे अपने गांव में ही शादी करते हैं और परिवार के सदस्य एक-दूसरे को समझते हैं। बड़े शहरों में लव मैरिज आम हो सकती है, लेकिन भाटपोर में यह एक जीवन शैली बन चुकी है। इस गांव में जो लड़का-लड़की शादी करना चाहते हैं, वे इसी गांव में अपने साथी को ढूंढते हैं और परिवार की स्वीकृति के बाद शादी करते हैं। इससे न सिर्फ नई पीढ़ी को आसानी से समझ आता है, बल्कि परिवार के लोग भी एक-दूसरे के करीब रहते हैं।

### गांव में होती हैं 99 प्रतिशत शादियां

भाटपोर गांव के सरपंच देवीदास पटेल ने बताया कि उनका गांव 1968 से एक स्वतंत्र ग्राम पंचायत है। यहां की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस गांव के लोग 99 फीसदी शादियां गांव के भीतर ही करते हैं। 'हमारे गांव की यह परंपरा 2-3 पीढ़ियों से चल रही है। हम इस परंपरा को निभाते हुए यहां के लड़के-लड़कियों की शादी इसी गांव में करते हैं।' उन्होंने कहा कि सिर्फ 1-2% लोग ही गांव से बाहर शादी करते हैं।

## 'क्यूट भैंसे' पर फिदा हुई दुनिया, 3 साल में हुआ 6 फीट का



**बैंकाक।** सोशल मीडिया पर कब और क्या वायरल हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। कभी तो इस पर खूबसूरत डांस या कुछ मज़ेदार चीज़ वायरल हो जाती है तो कभी कोई जानवर भी सुर्खियां बटोर ले जाता है। इस वक्त एक ऐसा ही भैंसा अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर छाया हुआ है। इसका नाम किंग कॉन्ग है, जिसके बारे में लोग खूब चर्चा कर रहे हैं। इसे न सिर्फ गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह मिली है, बल्कि लोग इसके फैन भी हो रहे हैं। किंग कॉन्ग की ऊंचाई सिर्फ 3 साल में 6 फीट 8 इंच हो चुकी है। ये आम भैंसों से काफी अलग है।


### सोशल मीडिया पर छा गया भैंसा

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाने वाला किंग कॉन्ग अब तक सबसे प्यारा भैंसा माना जा रहा है। हैरानी की बात तो ये है कि, ये भैंसा एग्रेसिव नहीं है, बल्कि ये इंसानों के साथ खेलता है और केले खाना पसंद करता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक किंग कॉन्ग थाईलैंड के निनलानी फार्म में रहता है। एक सामान्य वयस्क भैंसे से इसकी लंबाई करीब 20 इंच ज्यादा है। ये अनोखा भैंसा अपनी उम्र और आकार के कारण लोगों का खासा ध्यान खींच रहा है। निनलानी फार्म के मालिक सुचार्ट बून्चरोएन ने बताया कि उसका जन्म 1 अप्रैल 2021 को हुआ था और ये शुरू से ही आम भैंसों से ज्यादा लंबा-चौड़ा था।

# वैलेंटाइन डे से पहले 500 लोगों ने किया प्रपोज

**न्यूयार्क।** सोशल मीडिया एक ऐसी दुनिया है, जहां पर लोग बिना सामने वाले को पूरी तरह से जाने उससे बातचीत शुरू कर देते हैं, पर कई बार उन्हें धोखा मिलता है। ऐसा ही कुछ लोगों के साथ भी हुआ, जब उन्हें एक लड़की सोशल मीडिया पर दिखी। उन्हें वो लड़की इतनी पसंद आ गई कि वैलेंटाइन डे पर अपना पार्टनर बनाने के चक्कर में पहले ही उसे करीब 500 लोगों ने प्रपोज कर दिया। पर वो लड़की किसी के भी हाथ नहीं आई।कारण इतना हैरान करने वाला है कि आप चौंक जाएंगे! एक वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार आयका किट्टी फैनवू नाम के सोशल मीडिया सब्सक्रिप्शन ऐप पर काफी फेमस हैं। उनके 1 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वो हर महीने 5 लाख रुपए से ज्यादा की कमाई कर लेती हैं। इंस्टाग्राम पर भी उनके 1 लाख के करीब फॉलोअर्स हैं। उनकी खूबसूरती के लोग मुरीद हैं। अब सवाल ये उठता है कि लोग उनके इतने दीवाने हैं, तो वो किसी को भाव क्यों नहीं देतीं? दरअसल, वो हकीकत में हैं ही नहीं!

- फिर भी किसी के हाथ न आई ये 'लड़की', हैरान करने वाला है कारण!



### एआई इंफ्लुएंसर को लोगों ने किया प्रपोज

जी हां, आपने सही पढ़ा। आयका एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनी लड़की हैं जो सिर्फ वर्चुअल दुनिया में मौजूद हैं। वो हकीकत में नहीं है। पर वो इतनी असली लगती है कि लोगों को उन्हें देखकर कन्फ्यूजन हो जाती है और लोग उन्हें सोशल मीडिया पर प्रपोजल भेज देते हैं। उन्हें तो कई लड़कों ने पैरिस घुमाने के वादे कर दिए हैं, कई ने उन्हें महंगे रेस्टोरेंट ले जाने का ऑफर दिया है और कई लोग साथ में शॉपिंग ले जाना चाहते हैं।

### अकेलेपन से जूझ रहे लोगों को मिलेगा साथ

*इस एआई इंफ्लुएंसर को बनाने वाली टीम दिन में 18 घंटे काम कर रही है और वो उसे सच जैसा बनाना चाहती है, जिससे उसे मैसेज करने वाले लोगों को ये कहीं से भी न लगे कि वो नकली है। इससे पहले कुछ लोगों ने उसे दुबई के एक प्राइवेट जेट में उड़ने का प्रस्ताव भेजा है। कंपनी का मानना है कि ऐसे इंफ्लुएंसर्स से जो लोग दुनिया में अकेले हैं, उन्हें एक पार्टनर मिल सकेगा और वो अपना सुख-दुख उससे बांट पाएंगे।*

## लड़के ने शादी के कार्ड की जगह बाटी ये चीज, तुरंत वायरल हो गया निमंत्रण देने का यूनिक स्टाइल

*भरतपुर। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। लेकिन, भरतपुर जिला परिषद कार्यालय में सांख्यिकी अधिकारी केसर देव ने इसे एक नई दिशा दी है। अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए उन्होंने परंपरागत निमंत्रण कार्ड के स्थान पर अर्जुन के पौधे वितरित किए यह पहल न केवल पर्यावरण प्रेम को दर्शाती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देती है। उन्होंने अर्जुन के पौधों का वितरण किया जिन पर एक स्टीकर लगाया गया है जिसमें शादी के कार्यक्रम की सारी जानकारी दर्ज है इससे दो फायदे हुए, पहला लोगों को औषधीय पौधों का महत्व समझाने का मौका मिला रहा है और दूसरा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।*




# मंगल पर रंगीन बादल कहां से आए? नासा ने दिखाई तस्वीर तो उछल पड़े लोग

**वॉशिंगटन।** कई बार नासा ऐसा कमाल दिखा देता है कि वह दुनिया भर के अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए कौतूहल बन जाता है। इसी कड़ी में नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने हाल ही में मंगल ग्रह के आकाश में रंगीन बादलों की अनोखी तस्वीरें भेजी हैं जिनमें लाल और हरे रंग की झलक देखी गई है। ये बादल मंगल के वातावरण और जलवायु को समझने में मदद कर सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार ये इंद्रधनुषी बादल कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ से बने होते हैं और सूर्य की रोशनी के बिखरने के कारण चमकते हैं। दरअसल, खुद नासा ने बताया कि क्यूरियोसिटी रोवर ने 17 जनवरी को अपने मास्टकैम से ये तस्वीरें लीं।



### आखिर क्या है मंगल पर बादलों का रहस्य

रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगल ग्रह के बादल मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं। पानी की बर्फ से बने बादल और उच्च ऊंचाई पर बेहद ठंडे तापमान में बनने वाले कार्बन डाइऑक्साइड के बादल। ये इंद्रधनुषी बादल लगभग 60 से 80 किलोमीटर की ऊंचाई पर बनते हैं और धीरे-धीरे वायुमंडल में गिरकर 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर वाष्पित हो जाते हैं।







नदी के वर्तमान स्वरूप व सिस्टम को लेकर चीफ जस्टिस ने जताई

# अवैध खनन से अरपा की खराब हालत पर हाईकोर्ट नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अरपा के संरक्षण व संवर्धन को लेकर दाखिल जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने नदी की हालत पर टिप्पणी करते हुए नाराजगी जताई है। उन्होंने माफिया और कानून तोड़ने वालों पर मीसा की कार्रवाई की बात कही है। बिलासपुर स्थित अरपा के संरक्षण व संवर्धन को लेकर दाखिल जनहित याचिकाओं की छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एकसाथ सुनवाई हो रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि अरपा की हालत बेहद खराब है। नदी में घास उग आई है। लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। रेत के बेतहाशा उत्खनन के कारण नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है। अरपा खोखली हो गई है। माफिया की ओर इशारा करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि दिक्कत ये है कि आप कोई भी कानून बनाइए, ये अपनी ताकत दिखाने के लिए उसे तोड़ देंगे, आप मूकदर्शक बने रहेंगे। सिस्टम को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्होंने राज्य शासन के अधिवक्ताओं से पूछा कि अमला होने के बाद इस पर प्रभावी रोक नहीं क्यों नहीं लग पा रही है। नाराज डिवीजन बेंच ने यहां तक कहा कि गंभीर घटना सामने आती है तो कोर्ट दोषी अफसरों के साथ-साथ संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगा।



### जनहित याचिका की सुनवाई

जनहित याचिका की सुनवाई दौरान डिवीजन बेंच ने अरपा सहित प्रदेश की नदियों में रेत के नाम पर की जा रही अवैध खुदाई को लेकर नाराजगी जताई। नाराज डिवीजन बेंच ने पर्यावरण के खिलाफ काम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात भी कही। पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com